
मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## JMM छोड़ने के संकेत दिए

# चंपत होंगे चंपई!

▸▸ मेरे पास 3 विकल्प; पहला- संन्यास लूं, दूसरा- संगठन खड़ा करूं, तीसरा- किसी के साथ चल दूं

▸▸ पूर्व CM चंपई सोरेन 6 MLAs के साथ दिल्ली रवाना, BJP के बड़े नेताओं से कर सकते हैं मुलाकात

एजेंसी | रांची

झारखंड में सियासी तपिश बढ़ती जा रही है। बीजेपी में शामिल होने की अटकलों के बीच पूर्व सीएम चंपई सोरेन आज सुबह की फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पाला बदलने की अटकलों के बीच अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने रविवार को बीजेपी पर विधायकों की खरीद-फरोख्त करने और समाज को बांटने का आरोप लगाया है। सीएम की ओर से यह बयान चंपई सोरेन के दिल्ली पहुंचने और उनकी ओर से पार्टी हाईकमान पर निशाना साधने के बीच आया है। गोड्डा जिले में एक सरकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि बीजेपी गुजरात, असम और महाराष्ट्र से लोगों को लाकर आदिवासियों, दलितों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों के बीच जहर फैलाने और उन्हें एक-दूसरे से लड़ने का काम कर रही है।

### परिवार और दलों को तोड़ने का लगाया आरोप

बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि समाज की बात तो भूल ही जाइए, ये लोग परिवारों और दलों को तोड़ने का काम करते हैं। विधायकों की खरीद-फरोख्त करते हैं। पैसा ऐसी चीज है कि नेताओं को इधर-उधर जाने में ज्यादा समय नहीं लगता। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन चुनाव कार्यक्रम निर्वाचन आयोग की ओर से नहीं, बल्कि राज्य में विपक्षी पार्टी (बीजेपी) द्वारा तय किया जाएगा। ऐसा लगता है कि निर्वाचन आयोग अब संवैधानिक संस्था नहीं रह गया है, क्योंकि इस पर बीजेपी के लोगों का कब्जा हो गया है। मैं चुनौती देता हूं कि अगर राज्य में आज विधानसभा चुनाव हुए तो झारखंड से बीजेपी का सफाया हो जाएगा।



### रांची से अचानक दिल्ली पहुंचे चंपई सोरेन

हेमंत सोरेन ने अपने भाषण में चंपई सोरेन का नाम नहीं लिया। चंपई जो कि रविवार को अचानक रांची से दिल्ली पहुंच गए हैं। राजधानी पहुंचने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पार्टी को लेकर अपनी नाराजगी भी व्यक्त की और मुख्यमंत्री रहते हुए पार्टी हाईकमान के व्यवहार को लेकर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए सभी विकल्प खुले हुए हैं।

### पार्टी हाईकमान के व्यवहार पर चंपई ने उठाए सवाल

राज्य के पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि विधायक दल की बैठक में जब उनसे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा मांगा गया तो वो हैरान रह गए थे। सत्ता का मोह नहीं था, इसलिए तुरंत इस्तीफा दे दिया, लेकिन आत्म-सम्मान पर लगी चोट से दिल भावुक था। अपमान और तिरस्कार के बाद वैकल्पिक राह तलाशने के लिए मजबूर हो गया। मैंने उसी बैठक में कह दिया था कि आज से मेरे जीवन का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है।

कोलकाता रेप-मर्डर केस

# सुप्रीम कोर्ट ने खुद लिया नोटिस

▸▸ 20 अगस्त को CJI की बेंच में सुनवाई

▸▸ CBI ने की घटनास्थल की 3D मैपिंग




एजेंसी | कोलकाता

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने रविवार (18 अगस्त) को खुद नोटिस लिया। 20 अगस्त को सुबह 10.30 बजे चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। बेंच में CJI के अलावा जस्टिस जेबी पादरीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा रहेंगे। CBI टीम ने राधागोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड की 3D लेजर मैपिंग की है। वहीं, कोलकाता की घटना के विरोध में देशभर में डॉक्टरों के प्रोटेस्ट का आज 9वां दिन है।

मामले की जांच कर रही CBI ने बताया कि आरोपी संजय का साइकोलॉजिकल टेस्ट किया गया। सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (CFSL) से मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विश्लेषकों की 5 मेंबर्स की टीम यह टेस्ट कर रही है। इससे पता चल सकता है कि जघन्य अपराध को लेकर आरोपी संजय की क्या मानसिकता थी।

### देशभर में डॉक्टरों का प्रदर्शन

दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप के बाद हत्या की गई थी। 14 अगस्त की देर रात इसी अस्पताल में हिंसा हुई, जिसके बाद डॉक्टरों ने प्रदर्शन तेज किया।

### दोपहर अपडेट्स

- कोलकाता पुलिस ने भाजपा की पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी को नोटिस जारी कर 3 बजे पूछताछ के लिए बुलाया। पुलिस ने कहा कि लॉकेट पर ट्रेनी डॉक्टर की पहचान उजागर करने का आरोप है।
- कोलकाता पुलिस ने TMC सांसद सुखेंदु शेखर को भी समन जारी कर 4 बजे पूछताछ के लिए बुलाया। उन पर केस को लेकर अफवाह और फर्जी खबरें फैलाने का आरोप है।
- CBI टीम आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में 3D लेजर मैपिंग की।
- कोलकाता पुलिस ने आरजी कर अस्पताल के डॉ. कुणाल सरकार और डॉ. सुबर्नो गोस्वामी को नोटिस जारी किया है। पुलिस ने कहा है कि दोनों डॉक्टरों पर केस को लेकर अफवाह फैलाने का आरोप है।
- आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से CBI लगातार तीसरे दिन पूछताछ। अब तक संदीप घोष से 36 घंटे की पूछताछ हो चुकी है।
- 14 अगस्त को हुई तोड़फोड़ और हिंसा मामले में कोलकाता पुलिस ने 2 और लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक कुल 32 लोग अरेस्ट हुए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

▸ पेज 8 भी देखें

न्यूज़ ब्रीफ

### अवैध तरीके से ले जाए जा रहे हाइड्रोजन स्पिरिट में लगी आग

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया। फ्लाइट में अवैध रूप से ले जाए जा रहे केमिकल में अचानक आग लग गई। यह हादसा प्लेन में केमिकल लोड करते वक्त हुआ। गनीमत ये रही कि इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हालांकि इस मामले में सहार पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं ये भी पता चल गया है कि आखिर ये केमिकल था क्या, जिसमें आग लग गई। फोरेंसिक जांच से सामने आया है कि प्लेन में लोड किया जा रहा केमिकल हाइड्रोजन स्पिरिट था।

### रामगिरि महाराज पर कई प्राथमिकी दर्ज

**मुंबई।** पैगंबर मोहम्मद और इस्लाम के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर धर्मगुरु रामगिरि महाराज के खिलाफ महाराष्ट्र में कई प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि मुंबई, नासिक, छत्रपति संभाजीनगर, पुणे और ठाणे जिलों के अलावा बुलढाणा जिले के जलगांव जामोद थाने में भी मामला दर्ज किया गया है। वहीं, खुद को इस्लामी विद्वान बताने वाले समीउल्ला खान ने एक्स पर पोस्ट में कहा, पैगंबर का अपमान करने को लेकर संत की तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए। हम पैगंबर मोहम्मद की गरिमा पर हो रहे हमले को लेकर चुप नहीं बैठेंगे। अगर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया तो पूरे राज्य और देश में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन होंगे।

### इंडियन कोस्ट गार्ड के DG राकेश पाल का हार्ट अटैक से निधन

**चेन्नई।** इंडियन कोस्ट गार्ड के DG राकेश पाल का रविवार को चेन्नई में निधन हो गया। दोपहर करीब 2:30 बजे सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शाम करीब 7:00 बजे उनकी मौत हो गई। उन्हें पिछले साल जुलाई में इंडियन कोस्ट गार्ड का DG बनाया गया था। वे अधिकारियों के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चेन्नई यात्रा की तैयारियों का जायजा ले रहे थे। उसी समय उनके सीने में दर्द उठा था।

### केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम की पत्नी की डेंगू से मौत

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम की पत्नी झिंगिया ओराम की मौत हो गई है। वे काफी दिनों से डेंगू से पीड़ित थीं। उनका इलाज ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित अपोलो हॉस्पिटल में चल रहा था। लेकिन इलाज के दौरान ही झिंगिया की मौत हो गई।

खाते में पहुंचा लाडली बहन का पैसा, स्याह सफेद हुआ विरोधियों का चेहरा

# सीएम शिंदे ने विपक्ष पर कसा तंज

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की महायुति सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन' योजना का वचनपूर्ति समारोह रविवार को सातारा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार एवं पालक मंत्री शंभूराज देसाई सहित जिले के अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे इस मौके पर सीएम शिंदे ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने विपक्षी 'महाविकास आघाड़ी' (मविआ) पर तंज कसते हुए कहा कि लाडली बहनों के खाते में पैसा पहुंचने से विरोधियों के चेहरे सफेद स्याह पड़ गए हैं। 'लाडली बहन' की सफलता से पागल हो रहे विरोधियों के घर कंदी पेढा भेजो।



### 'हमने हर तरफ महिलाओं का महासागर देखा'

मुख्यमंत्री शिंदे ने आगे कहा कि आते समय हमने हर तरफ महिलाओं का महासागर देखा। इस कार्यक्रम में ज्यादातर बहनें नजर आईं। मैं सातारा की धरती का बेटा हूं और ये मेरे लिए सौभाग्य है कि यहां कार्यक्रम हो रहा है। मैं आपके सामने नतमस्तक हूं, मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे आप जैसी बहनें मिलीं। पूरे वित्तीय वर्ष में प्यारी बहनों के लिए 35 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसलिए आप टेंशन न लें। आप सोते भाइयों को टेंशन दें। ऐसी अपील करते हुए सीएम शिंदे ने विश्वास के साथ दावा किया कि बहनों को यह भेंट हर महीने मिलती रहेगी।

### 'करोड़पति बहन देखने का सपना'

सीएम शिंदे ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि विपक्ष कहता रहा कि सरकार दो-चार महीने में गिर जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैं सामान्य परिवार का सीएम हूं, सोने का चम्मच वाला नहीं।' हमने अभी 1500 रुपये से योजना शुरू की है, आगे जब सरकार की ताकत बढ़ेगी तो इस 1500 को बढ़ाकर 3 हजार या उससे भी ज्यादा कर दिया जाएगा। हम सिर्फ 3000 पर रुकना नहीं चाहते, हम एक करोड़पति बहन देखना चाहते हैं।

# अकोला में सीमेंट का लहसुन

एजेंसी | अकोला

लहसुन के बिना खाने का स्वाद नहीं आता। लेकिन स्वाद का चस्का अकोला के एक परिवार को बहुत महंगा पड़ सकता था। अकोला में एक फेरीवाले ने उन्हें लहसुन की जगह सीमेंट का गोला बनाकर बेच दिया। नकली लहसुन को सीमेंट का यूज करके बनाया गया है। इस लहसुन को छीलते समय कलियां अलग नहीं हुईं। इसके बाद नकली लहसुन को चाकू से काटा गया तो इसकी हकीकत पता चली। देखा गया कि यह सीमेंट से एकदम लहसुन की तरह ही बना है। इस पर सिल्वर रंग का भी इस्तेमाल किया गया था। इस घटना से साफ हो गया कि फेरीवालों की ओर से नकली लहसुन बेचा जा रहा है।

### कहां का है मामला?



यह बात सामने आई है कि अकोला में लहसुन की कालाबाजारी करने वाले शहरवासियों को चूना लगा रहे हैं। अकोला शहर के अधिकांश हिस्सों में फेरीवाले हर दिन सब्जियां बेचने आते हैं। उनमें से कुछ नकली लहसुन बेचते नजर आते हैं। पुलिस विभाग से रिटायर और अकोला के बाजोरिया नगर इलाके में रहने वाले सुभाष पाटिल से इस तरह की धोखाधड़ी होने का मामला सामने आया है।

### फेरीवाले से लहसुन खरीदा

पाटिल की पत्नी ने घर के सामने आए एक फेरीवाले से लहसुन खरीदा। यह बिल्कुल असली लहसुन की तरह दिखने के लिए सीमेंट का उपयोग करके बनाई गई कृत्रिम लहसुन की कलियां निकलीं। लहसुन छीलते समय ये कलियां अलग नहीं हुईं। ऐसे में जब लहसुन की कलियों को चाकू से काटा गया तो पता चला कि यह सीमेंट से बनी लहसुन है। इस पर सफेद रंग का भी इस्तेमाल किया गया है।

### क्या आप नकली लहसुन खा रहे हैं?

चाहे आप कोई भी सब्जी बना रहे हैं, उसमें लहसुन जरूर शामिल होता है। लेकिन ये लहसुन आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। हालांकि यह लहसुन जैसा दिखता है, लेकिन यह लहसुन नहीं बल्कि सीमेंट का पत्थर है। जिसे अकोला में आम तौर पर लहसुन के नाम से बेचा जा रहा है। यह धोखाधड़ी अकोला शहर में फेरीवालों ने की है। कभी-कभी नमक और चीनी में प्लास्टिक के टुकड़े पाए जाते हैं। कभी-कभी चावल में प्लास्टिक चावल मिलाकर जीवन से खिलवाड़ किया जाता है। तो ऐसे फर्जी विक्रेताओं से सावधान रहें और सुरक्षित रहें।

# साल 2027 के बाद महाराष्ट्र विधानसभा में होंगी 100 से अधिक महिला विधायक : फडणवीस

दोपहर संवाददाता | मुंबई



उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने सरकार ने महिलाओं के विकास के लिए कई नीतियों को लागू किया है। इससे धीरे-धीरे महिलाओं के जीवन में परिवर्तन हो रहा है। फडणवीस ने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू होगा। इससे साल 2027 के बाद होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ जाएगा। महाराष्ट्र विधानसभा में भी 100 से अधिक महिला विधायक नजर आएंगी। जबकि लोकसभा में 200 से अधिक महिला सांसद होंगी। इससे एक तरीके से देश चलाने की जिम्मेदारी महिलाओं पर होगी। रविवार को मुंबई भाजपा की ओर से अंधेरी पूर्व में आयोजित कार्यक्रम में फडणवीस को महिलाओं ने राखी बांधी। मुख्यमंत्री मेरी लाड़ली बहन योजना को मिले प्रतिसाद को देखते भाजपा की ओर से लाड़ली बहनों के देवाभाऊ कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

### एसटी महामंडल की बसों में महिलाओं को टिकट में 50 प्रतिशत छूट

इस मौके पर प्रदेश कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार और प्रदेश भाजपा की महिला मोर्चा चित्रा वाघ समेत कई नेता उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में फडणवीस ने कई जिलों की लाड़ली बहन योजना की लाभार्थियों महिलाओं से ऑनलाइन संवाद साधा। फडणवीस ने कहा कि लाड़ली बहनों को प्रति महीने 1500 रुपए दिया जा रहा है। सरकार ने इस योजना के लिए 31 मार्च तक राशि के लिए बजट में प्रावधान किया है। इसलिए राज्य में जब तक महायुति की सरकार है तब तक लाड़ली बहन योजना बंद नहीं होगी। फडणवीस ने कहा कि राज्य में एसटी महामंडल की बसों में महिलाओं को टिकट में 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है। इससे घाटे में डूबे एसटी महामंडल अब मुनाफे में आ गया है।

### नालायकों को मालूम नहीं बहनों का प्रेम कोई नहीं खरीद सकता : उपमुख्यमंत्री फडणवीस

ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के लाड़ली बहन योजना के जरिए महिलाओं को रिश्वत देने वाले बयान को लेकर तल्ख टिप्पणी की है। फडणवीस ने उद्धव का नाम लिए बैगर कहा कि कई नादान नेता कह रहे हैं कि महिलाओं को रिश्वत दी जा रही है। लेकिन ऐसे नालायकों को मालूम नहीं है कि बहनों का प्रेम कोई खरीद नहीं सकता है। जबकि सातारा में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव का नाम लिए बिना कहा कि उन्होंने योजना के अनुदान को रिश्वत बताकर महिलाओं का अपमान किया है। उन्हें शर्म आनी चाहिए।

# स्कूल में बिस्किट खाने के बाद 250 बच्चों की बिगड़ी तबीयत

▸▸ फूड प्वाइजनिंग की मिली शिकायत

दोपहर संवाददाता | संभाजी नगर

संभाजी नगर के पैठण तहसील के केकत जलगांव में शनिवार को जिला परिषद स्कूल में लगभग 80 बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। सभी को पौष्टिक आहार के रूप में बिस्किट दिया गया था। बिस्किट खाने के बाद ही बच्चों का जी मिचलाने लगा और उल्टियां होने लगी। इसके बाद अचानक और भी कई बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। देखते-देखते स्कूल के करीब-करीब सभी बच्चे तबीयत खराब होने की शिकायत करने लगे। स्कूली बच्चों में फूड प्वाइजनिंग की शिकायत मिलते ही वहां के सरपंच स्कूल पहुंचे और शिक्षकों व अन्य लोगों की मदद से उपलब्ध वाहनों से छात्र-छात्राओं को पाचोड़ के ग्रामीण अस्पताल भेजा गया। फूड प्वाइजनिंग से करीब 257 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। जबकि, केकत जलगांव के जिला परिषद विद्यालय में 296 बच्चे पढ़ते हैं।

### पूरक आहार के रूप में बिस्किट का किया था वितरण



बताया जाता है कि शनिवार को 'हॉफ डे' होने के कारण बच्चे सुबह करीब आठ बजे विद्यालय आए और लगभग साढ़े आठ बजे शिक्षकों ने बच्चों के बीच पूरक आहार के रूप में बिस्किट का वितरण किया था। इसके बाद पहली से लेकर सातवीं कक्षा तक के सभी बच्चों की तबीयत खराब होने लगी। मौके पर पहुंचे विद्यार्थियों के माता- पिता और परिजनों ने मामले को लेकर रोष भी जताया। वहीं ग्रामीण अस्पताल के डॉक्टर बाबा साहेब घुगे का कहना है कि जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय में बिस्किट खाकर 257 छात्र फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए थे। इसमें से ढाई सौ बच्चों को अस्पताल से को छुट्टी दे दी गई थी। रविवार की सुबह सात छात्रों की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। इसलिए उन छात्रों को इलाज छत्रपति संभाजीनगर सिविल अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। स्कूली छात्रों को फूड प्वाइजनिंग होने के बाद रविवार सुबह छत्रपति संभाजी नगर के सांसद संदीपान भुमरे बच्चों को देखने के लिए सिविल अस्पताल में पहुंचे और उन्होंने बच्चों की सेहत को लेकर डॉक्टर से बातचीत की। इसके बाद डॉक्टरों ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। बच्चों की हालत ठीक है। सांसद संदीपान भुमरे ने विद्यार्थियों के माता-पिता से बात की और उन्हें बताया कि उनके बच्चे ठीक हैं।

# सायन हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर से मारपीट

नशे में धुत 5-6 आरोपी फरार, 2 गिरफ्तार



**मुंबई।** कोलकाता की घटना के बाद जहां देशभर में आक्रोश है और अपनी सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। तो इस बीच मुंबई के सायन अस्पताल में एक लेडी डॉक्टर पर हमले की घटना सामने आई है। नशे में धुत कुछ लोगों ने अस्पताल की एक डॉक्टर पर हमला किया। इसमें डॉक्टर को शारीरिक तौर पर चोटें आई हैं। मुंबई में यह घटना रविवार सुबह हुई। जब पांच से छह लोगों ने एक रेजीडेंट डॉक्टर पर हमला बोल दिया। यह घटना सुबह करीब 3.30 बजे हुई, जब डॉक्टर सायन अस्पताल के वार्ड में ड्यूटी पर थी।

### गालीगलौच के बाद अटैक

प्रत्यक्षदर्शियों से मिले ब्योरे के अनुसार पांच से छह लोगों का एक समूह एक घायल व्यक्ति को लेकर अस्पताल पहुंचा था। इसमें व्यक्ति क चेहरे पर चोट थी। अस्पताल पहुंचे मरीज का इलाज किया जा रहा था, तभी उसके तीमारदारों ने महिला डॉक्टर को गाली देना और धमकाना शुरू कर दिया। डॉक्टर पर कथित तौर पर शारीरिक हमला भी किया गया, जिससे वह खुद को बचाने की कोशिश करते समय घायल हो गई। महिला डॉक्टर फिलहाल सायन पुलिस स्टेशन में है, जहां वह अपना बयान दे रही है और एफआईआर दर्ज की जा रही है।

# पुणे में आफत की बारिश

## सड़कों पर भरा पानी, सोमवार को भी जमकर बरसेंगे बादल

दोपहर संवाददाता | पुणे

पुणे में शनिवार रात से हो रही भारी बारिश के कारण कई जगह जलभराव स्थिति बन गई है। शहर के कई हिस्सों में सड़कों पर घुटने तक पानी भर गया। सड़क के साथ रेल मार्ग पर भी इसका असर दिखा। पुणे के रेलवे स्टेशन पर पानी भरने के कारण यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। रेलवे स्टेशन के पोर्टिको और फ्रंट यार्ड में पानी भर गया और प्लेटफॉर्म नंबर 4 की छत से पानी टपकने लगा। रेलवे स्टेशन पहुंचे यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें शेयर की और उन्हें होने रही परेशानी के बारे में बताया। पुणे के सभी इलाकों में शनिवार रात और रविवार को सुबह हुई भारी बारिश के बाद सड़कों पर घुटनों तक पानी भरा। शहर के जयसिंहराव सासने गार्डन के सामने, पुणे कॉर्पोरेशन गार्डन, बीटी कवाडे रोड पर बाइक सवारों का चलना मुश्किल था तो वहीं चार पहिया वाहनों को भी दिक्कतों को सामना करना पड़ा। कार में पानी घुसने के कारण लोगों को परेशानी हुई।



### प्लेटफॉर्म पर भरा पानी

*जोनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी और डिवीजनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी के सदस्य विकास देशपांडे ने कहाद कि "प्लेटफॉर्म पर पानी जमा हो रहा है, जिससे यह यात्रियों, खासकर बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए फिसलन भरा और असुरक्षित हो गया है। यात्रियों को सूखी जगह खोजने में संघर्ष करना पड़ रहा है, जिससे कुछ क्षेत्रों में भीड़भाड़ हो रही है। कई यात्रियों ने आगे की असुविधा और संभावित दुर्घटनाओं से बचने के लिए तत्काल मरम्मत की मांग की है।" पुणे की मंडल रेल प्रबंधक इंदु दुबे ने कहा कि "स्टेशन के छत्र द्वार क्षेत्र आस-पास की सड़कों की तुलना में थोड़ा तिरछा है, जिसके कारण पानी बहता है। हालांकि, समस्या के संज्ञान में आने के तुरंत बाद हमारे कर्मचारियों ने मार्ग को साफ कर दिया।"*

### सोमवार शाम को हो सकती है हल्की बारिश

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी दिन भर बारिश की संभावना है। सोमवार को सुबह हल्की बारिश की संभावना है। लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद गरज-चमक के साथ तूफानी बारिश की संभावना बताई जा रही है। वहीं शाम को हल्की बारिश हो सकती है।

### यूजर ने लिखा वेलकम टू पुणे

सोशल मीडिया एक्स पर तनय नाम के एक यूजर ने रोड पर भरे पानी का वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'वेलकम टू पुणे'। वीडियो में देखा जा सकता है कि ऑटो में ड्रायवर के अलावा एक व्यक्ति पीछे की सीट पर बैठा है जिसने वीडिया बनाया। सड़क पर पानी भरा है।

# उल्हासनगर में गोलीकांड

## रिक्शा चालक के घर पर हुई फायरिंग

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

ठाणे जिले के उल्हासनगर शहर से सटे माणेरे गांव में रविवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे अज्ञात बाइक सवार ने रिक्शा चालक प्रमोद भोईर के घर पर नजदीक से दो गोलियां चलाईं। गोलीबारी की इस घटना से इलाके में डर का माहौल फैल गया है। सौभाग्य से हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। फायरिंग की घटना की जानकारी मिलते ही विठ्ठलवाड़ी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द से जल्द आरोपियों तक पहुंचा जाएगा। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।



### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

उल्हासनगर के विधायक कुमार आयलानी ऊक्त कारोबार को बंद करने की लिखित मांग कर चुके बावजूद यह व्यवसाय बदस्तूर जारी है। भाजपा अनुसूचित जाति सेल के अध्यक्ष कपिल अडसुल भी अवैध शराब व अन्य नशे के सौदागरों के खिलाफ पत्र व्यवहार कर चुके है। लेकिन न जाने क्यों स्थानीय पुलिस विधायक तक कि शिकायत को गंभीरता से नहीं लेती है।

### कानून व्यवस्था पर सवाल

इस घटना से एक बार फिर शहर की कानून व्यवस्था पर उंगली उठने लगी है, असामाजिक तत्व किस तरह हावी है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उल्हासनगर के विविध भागों में अवैध जुए के अड्डे व नियमों की अनदेखी कर डांस बार चल रहे है, युवाओं को बर्बाद करने वाले हुक्का पार्लर पर कोई पुख्ता कार्रवाई न होने से इस कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले बुलंद है, ऑनलाइन लॉटरी भी बेरोकटोक चल रही है।शहर की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।



### आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम अलर्ट

सीसीटीवी फुटेज में दोपहिया वाहन पर सवार हमलावर को भोईर के घर की ओर आते हुए दिखाया गया है, जिससे पुलिस को जांच में मदद मिलेगी। मामले की आगे की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल ने इस हमले को गंभीरता से लिया है और आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम को अलर्ट कर दिया गया है।

# दान नहीं देने पर धमकी देने के आरोप में 10 लोगों पर केस दर्ज




दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे पुलिस ने आगामी गणपति उत्सव के लिए 51,000 रुपये दान नहीं देने पर एक व्यक्ति को धमकाने के आरोप में 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। एक अधिकारी के अनुसार, शनिवार रात शिकायतकर्ता एक राजनीतिक पार्टी के कार्यालय में बैठा हुआ था कि तभी आरोपी वहां पहुंचे। अधिकारी ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि आरोपियों ने उससे अगले महीने होने वाले गणेश उत्सव के लिए दान देने को कहा, लेकिन 38 वर्षीय शिकायतकर्ता ने जब 5,000 रुपये दान देने की बात कही तो वे आक्रामक हो गए।

### 'गाली-गलौज की और 51,000 रुपए मांगे'

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और 51,000 रुपये की मांग की। उनमें से एक ने चाकू निकाला और पैसे न देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वे वहां से चले गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इस गिरोह के खिलाफ जबरन वसूली का मामला दर्ज किया है। कुछ आरोपियों की पहचान आकाश बिंद, बाबू उर्फ सूरज बिंद, श्रीओम यादव, चंदन गुप्ता और सनी के रूप में हुई है।

# मान्याची वाड़ी बना महाराष्ट्र का पहला सोलर गांव

## सीएम-डीसीएम ने किया लोकार्पण



दोपहर संवाददाता | मुंबई

सातारा जिले के पाटण तहसील का मान्याची वाड़ी महाराष्ट्र का पहला सौर गांव बन गया है। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मान्याची वाड़ी सौर गांव के रूप में तब्दील हुआ है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत मान्याची वाड़ी गांव के निवासियों ने घरों के छतों पर एक किलो वॉट का सौर पैनल लगाया है। इससे तैयार होने वाली सौर बिजली का इस्तेमाल लोग घरों के लिए कर सकेंगे। इस योजना के तहत महाराष्ट्र के हर जिले में दो-दो गांवों को सौर ग्राम बनाने का लक्ष्य रखा गया है। रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सातारा के पाटण में आयोजित कार्यक्रम में सौर ग्राम का ऑनलाइन लोकार्पण किया। सातारा के सैनिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री तथा ऊर्जा मंत्री देवेंद्र फडणवीस और प्रदेश के उत्पाद शुल्क मंत्री शुंभराज देसाई मौजूद थे। यहां पर फडणवीस पीएम सूर्य घर योजना के तहत मान्याची वाड़ी के घरों में सौर पैनल स्थापित किए गए हैं। मान्याची वाड़ी गांव के सभी लोगों का मिलाकर हर महीने 5.25 लाख रुपए बिजली का बिल आता था। लेकिन इस गांव के लोगों को बिजली बिल के लिए एक भी रुपया नहीं भरना पड़ेगा। गांव के नागरिकों को बिजली मुफ्त में मिल सकेगी। फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को 7.5 एचपी तक के पंपों को मुफ्त बिजली देने का फैसला लिया गया है। इससे किसानों को अगले पांच साल तक बिजली का बिल नहीं भरना पड़ेगा। राज्य में 12 हजार मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

# शिवाजीराव जोंधले की मृत्यु के मामले में चिकित्सा लापरवाही का आरोप

## गीता खरे सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज





दोपहर संवाददाता | डोंबिवली

जोंधले विद्यासमुह के अध्यक्ष स्वर्गीय शिवाजीराव जोंधले की मृत्यु के मामले में बड़ी सनसनीखेज खबर सामने आई है। शिवाजीराव जोंधले, जिनका दो साल पहले लीवर कैंसर का पता चला था, उनके परिवार द्वारा उचित चिकित्सा उपचार से वंचित रखने और उनकी संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में गीता खरे और उनके परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ विष्णुनगर मामला दर्ज किया गया है। हालांकि गीता खरे से संपर्क करने पर उनका मोबाइल बंद पाया गया। शिवाजीराव जोंधले के बेटे सागर जोंधले ने कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में आरोप लगाया कि गीता खरे, जो विघ्नहर्ता ट्रस्ट की सचिव थीं, और उनके परिवार ने शिवाजीराव को लीवर ट्रांसप्लांट सर्जरी से वंचित किया और उन्हें उचित इलाज नहीं मिला, जिससे उनकी अप्रैल 2024 में मृत्यु हो गई। सागर के अनुसार, यह सब संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से किया गया। कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय की जिलाधिकारी सायली लम्भाते के आदेश पर विष्णुनगर पुलिस ने गीता खरे, वर्षा देशमुख, प्रीतम देशमुख, हर्ष कुमार खरे, और स्नेहा खरे के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मानसिक प्रताड़ना, लापरवाही, और आपराधिक साजिश के मामले दर्ज किए हैं। सागर जोंधले का आरोप है कि गीता खरे का उनके पिता के साथ अनैतिक संबंध था और इसी का फायदा उठाकर उन्होंने शिवाजीराव की संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश की। मामले में न्यायालय के आदेश के बाद, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, हालांकि गीता खरे से संपर्क करने पर उनका मोबाइल बंद पाया गया। इस घटना ने डोंबिवली और आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है, और लोग इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# महिला पर हमला करने वाले चार लोगों को सात-सात साल जेल की सजा

दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे जिले की एक अदालत ने 2018 में एक महिला पर हमला करने के लिए चार लोगों को सात साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। महिला जब अपने दिवंगत पति द्वारा मालिक को उधार दिए गए पैसे वापस मांगने के लिए एक कारखाने में गई थी तब उसपर हमला हुआ था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जी जी भंसाली ने नौ अगस्त को दिए आदेश में कारखाने के मालिक के खिलाफ पर्याप्त सबूत न होने के कारण बरी कर दिया। कारखाने के चार अन्य श्रमिकों को दोषी ठहराया गया और प्रत्येक पर 2,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। आदेश की एक प्रति रविवार को उपलब्ध करायी गयी।

### आठ गवाहों से पूछताछ



अतिरिक्त लोक अभियोजक राखी डब्ल्यू पांडे ने अदालत को बताया कि पीड़िता सावित्री सिंह (58) पर ठाणे के नौपाड़ा इलाके में गणपति मूर्ति बनाने वाले एक कारखाने के कुछ श्रमिकों ने कथित तौर पर उसके मालिक के इशारे पर 22 अप्रैल, 2018 को हमला किया था। उन्होंने बताया कि यह हमला उस दौरान हुआ जब वह अपने दिवंगत पति द्वारा उधार दिए गए 2.5 लाख रुपये मांगने वहां गई थी। महिला को लात-घूंसों से मारा गया और फाइबर की छड़ियों से उसपर हमला किया गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पांडे ने बताया कि मुकदमे के दौरान कुल आठ गवाहों से पूछताछ की गई।

# खाई में गिरा अनियंत्रित कंटेनर हादसे में हुई पांच लोगों की मौत

दोपहर संवाददाता | शहापुर

शहापुर तहसील के नए कसारा घाट में आज एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दरअसल, मुंबई की तरफ आ रहा एक कंटेनर सीधे खाई में गिर गया। इस हादसे में 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इसमें से दो लोग मुंबई के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक़ नाशिक से मुंबई की तरफ आनेवाला कंटेनर जब कसारा घाट में पहुंचा तो वाहन से ड्राइवर का नियंत्रण छुट गया और गाड़ी सीधे खाई में जा गिरी। इस दौरान पांच लोगों की मौत हो गई, कंटेनर में पांच लोग फंस गए थे, जिनके शवों को बाहर निकाला गया।

### बलगर पॉइंट के पास हुई घटना

जानकारी के मुताबिक़ नए कसारा घाट के बलगर पॉइंट के पास ये हादसा हुआ। कंटेनर पांच लोगों को लेकर मुंबई की ओर जा रहा था। इस समय कंटेनर शहापुर तहसील के कसारा घाट में पहुंचा। इस जगह एक बड़ा उतार है। गाड़ी उतारते समय चालक का वाहन से नियंत्रण छुट गया और वाहन सीधे खाई में जा गिरा। इस हादसे के पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव दल की मदद से शवों को बाहर निकाला।

# मुंब्रा में स्वतंत्रता दिवस पर अनधिकृत रैली

### 50 से अधिक एसडीपीआई सदस्यों पर मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे जिले के मुंब्रा में कथित तौर पर बिना अनुमति के स्वतंत्रता दिवस पर मोटरसाइकिल रैली निकालने के लिए 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' (एसडीपीआई) के 50 से अधिक सदस्यों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उन पर भारतीय न्यास संहिता (बीएनएस) की धारा 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा) के साथ-साथ महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा, "अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। मोटरसाइकिल रैली मुंब्रा से कौसा के तलावपाली तक निकाली गई। उन्होंने पुलिस से अनुमति नहीं ली थी।"

# उल्हासनगर की महिलाओं ने सांसद श्रीकांत शिंदे को बांधी राखी



दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

राज्य सरकार की लाडली बहन योजना का लाभ मिलने से उल्हासनगर की महिलाओं को सांसद डॉ. श्रीकांत ने शिंदे को राखी बांधकर आभार व्यक्त किया। योजना का पैसा खाते में जमा करने के बाद महिलाओं ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि खुशी का यह पल उनके लिए जिंदगी बदलने वाला है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 17 अगस्त को घोषणा की थी कि लड़की बहिन योजना का पैसा महिलाओं के खाते में जमा किया जाएगा। हालांकि सांसद ने कहा कि महिलाओं के खाते में 15 अगस्त को ही पैसे जमा हो गये थे। इस मौके पर श्रीकांत शिंदे ने कहा। अचानक हुई इस बढ़त से महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं।

### प्रतिक्रिया...

इस योजना के माध्यम से हमने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश की है और आज उनके चेहरे पर खुशी देखकर बहुत संतुष्टि हो रही है।

– डॉ. श्रीकांत शिंदे

### लाडली बहन योजना के लिए सरकार को धन्यवाद

सांसद शिंदे ने महिलाओं से बातचीत की और उनकी समस्याओं को समझा। महिलाओं की आंखों से आंसू छलक पड़े और उन्होंने सरकार की इस अप्रत्याशित मदद के लिए आभार व्यक्त किया। इस योजना से महिलाओं को काफी समर्थन मिला है और उन्होंने हमेशा सरकार के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया है।

# विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति सुनेगी उलेमाओं के मन की बात

दोपहर संवाददाता | मुंबई

वक्फ विधेयक (संसोधन) को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक अगले सप्ताह से दिल्ली में शुरू होने जा रही है। लेकिन इससे पहले ही ऑल इंडिया सुन्नी जमीयत उलेमा के प्रतिनिधियों ने इस विधेयक पर अपनी आपत्ति और सुझाव का एक ड्राफ्ट जेपीसी समिति अध्यक्ष जगदंबिका पाल को ज्ञापन के रूप में रविवार को सौंप दिया है। इस प्रतिनिधि मंडल को जगदंबिका पाल ने आश्वस्त करते हुए कहा है कि जेपीसी उन्हें भी दिल्ली में आमंत्रित कर उनके मन की बात सुनेगी।




### सभी की राय सुमारी होगी शामिल

जगदंबिका पाल ने कहा कि सरकार की मंशा साफ है कि जो संपत्तियां जिस उद्देश्य से वक्फ की गई है उसका सही इस्तेमाल उसी हक में हो। हाल के दिनों में वक्फ की कई संपत्ति पर अवैध कब्जे की बात भी सुनने आयी है। इसलिए सुधार के लिए यह वक्फ विधेयक लाया गया है। इस विधेयक पर जेपीसी समिति बनाई गई है।

### ऑल इंडिया सुन्नी जमीयत उलेमा की ओर से जेपीसी समिति अध्यक्ष जगदंबिका पाल को दिया गया ज्ञापन

वक्फ विधेयक को लेकर मुंबई आए जेपीसी समिति अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने रविवार को इस्लाम जिमखाना में उलेमाओं से एक अनौपचारिक मुलाकात की। इस दौरान ऑल इंडिया सुन्नी जमीयत उलेमा, रजा अकादमी सहित अन्य मुस्लिम तंजीमों के अध्यक्ष उपस्थित थे। इस मुलाकात में वक्फ विधेयक को लेकर कानूनी पहलुओं से उलेमा और मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने अपनी बात जगदंबिका पाल के समक्ष रखी।

# उल्हासनगर सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे का जनता दरबार

## मेट्रो और एलिवेटेड फ्लाईओवर पर काम शुरू करने का फैसला

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने उल्हासनगर शहर में शनिवार को उल्हासनगर के अपने कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जहां सैकड़ों नगरिकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें बताईं। लगातार तीसरी बार सांसद चुने जाने के बाद उल्हासनगर में आयोजित इस पहले जनता दरबार में डॉ.शिंदे ने शहर के विकास के लिए कई अहम घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए सभी का आभार प्रकट किया।



### विकास कार्यों को गति देने का संकल्प

उल्हासनगर के गोल मैदान स्थित सांसद कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमे सांसद श्री कांत शिंदे ने कहा कि उल्हासनगरवासियों ने लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत दिया है। उन्होंने इस विश्वास का सम्मान करते हुए शहर के विकास के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प व्यक्त करते हुए अनधिकृत इमारतों के नियमितीकरण, बेहतर सड़कें और शहर के लिए स्वतंत्र जल स्रोत के निर्माण जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर प्रकाश डाला।और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इन परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है, ये सुविधाएं जल्द ही उल्हासनगर शहर में उपलब्ध होंगी। शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए उल्हासनगर में एक अच्छा उद्यान और सामुदायिक मंदिर स्थापित किया जाएगा इसके अलावा चोपड़ा कोर्ट परिसर में डॉ। बाबा साहेब अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन किये जाने की घोषणा की। शहर में यातायात और कनेक्टिविटी में सुधार के लिए कल्याण-बदलापुर रोड पर मेट्रो और एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाने की महत्वाकांक्षी परियोजना लागू की जाएगी।

# पूजा करके लौट रहे 2 पुजारियों पर लाठियों और चाकुओं से हमला

दोपहर संवाददाता | मुंबई

राजधानी मुंबई में पूजा करके लौट रहे 2 पुजारियों पर हमले का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना रविवार रात की है जब दो पुजारियों पर 5 लोगों ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि उनके ऊपर लाठियों और चाकुओं से भी अटैक किया गया। मुंबई पुलिस के मुताबिक, इस हमले में पुजारी को मामूली चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, मगर तब तक आरोपी हमला करके मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने आज इस मामले में 2 लोगों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही, बाकी हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है और हमले के पीछे के कारणों की भी जांच की जा रही है।

### हिरासत में दो हमलावर



दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

अनमोल विचार — महान संकल्प ही महान फल का जनक है : हजारी प्रसाद द्विवेदी

न्यूज़ ब्रीफ

## दशहरा-दिवाली पर कंफर्म होगा टिकट



### पश्चिम रेलवे ने 27 स्पेशल ट्रेनों के बढ़ाया संचालन

दोपहर संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे ने त्योहारी सीजन को देखते हुए 27 स्पेशल ट्रेनों के संचालन को आगे तक बढ़ाने का फैसला किया है। रेलवे ने दशहरे और दिवाली तक यात्रियों को कंफर्म सीट देने और भीड़ को नियंत्रित करने के मकसद से उठाया है। पश्चिम रेलवे के फैसले के बाद अब ये ट्रेनों दिवाली के बाद तक संचालन में रहेंगी। दशहरा इस साल 12 अक्टूबर को है जबकि दिवाली का पर्व 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को है। दिवाली का पर्व अमावस्या तिथि का आरंभ 31 तारीख को दोपहर में 3 बजकर 22 मिनट पर शुरू होगा और फिर 1 नवंबर को शाम में 5 बजकर 23 मिनट पर अमावस्या तिथि समाप्त होगा। दशहरे और दिवाली के पहले और बाद में रेलवे यात्रियों की संख्या काफी बढ़ जाती है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक के अनुसार को इसी को ध्यान में रखते हुए और यात्रियों की सुविधा तथा उनकी मांग को पूरा करने के उद्देश्य 27 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित किए गए हैं।

# 'प्रचंड बहुमत से बनेगी महायुति सरकार'

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर एकनाथ शिंदे का दावा

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार निर्णायक बहुमत के साथ जीतकर सत्ता में वापिस आएगी। गौरतलब है कि 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। एकनाथ शिंदे ने कहा, 'हम महाराष्ट्र (विधानसभा चुनाव) जीतने जा रहे हैं। मैं यह विश्वास के साथ कह रहा हूं। महायुति सरकार प्रचंड बहुमत से जीतेगी।' साथ ही शिंदे ने शुरुआती ढाई साल में सत्ता में रही उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का प्रदर्शन बेहद खराब रहा।

### महाराष्ट्र के लोग बुद्धिमान हैं: शिंदे



एकनाथ शिंदे ने इंटरव्यू में कहा, 'यहां महाराष्ट्र में लोग बुद्धिमान हैं। उन्होंने ढाई साल में क्या किया और हमने दो साल में क्या किया? विकास और कल्याण योजनाएं। यह क्या है? उन्हें कौन लाया? आज देखें कितने गांव और लाडली बहना के शहर हैं। हमारी सारी बहनें इतनी उत्साहित हैं। सरकार को कितनी योजनाएं चाहिए?' शिंदे ने विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए पिछले दो वर्षों में अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। मुख्यमंत्री ने कहा, 'लोगों को ऐसी सरकार चाहिए, जो उन्हें उनके जीवन में कुछ दे। उनके जीवन में बदलाव लाने के लिए। हमने एक पूरा इको-सिस्टम बनाया है। लड़कियों के पास लखपति योजना है। हमने किसानों के लिए किया है। हमने ये योजनाएं चुनाव के लिए नहीं की हैं।'

### नवंबर में खत्म होगा विधानसभा का कार्यकाल

शिंदे ने दावा किया कि उनकी सरकार ने कांग्रेस के विपरीत, चुनावों को ध्यान में रखकर इन योजनाओं की घोषणा नहीं की। उन्होंने कहा, 'आपको तैयारी करनी होगी। यह एक दिन या एक महीने में नहीं हुआ। हमने लेक लड़की योजना आठ महीने पहले बनाई थी। हम आठ से नौ महीने से इसकी तैयारी कर रहे थे।' बताते चलें कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल नवंबर में खत्म होने वाला है।

# महायुति में फिर उभरा मतभेद

### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने दिखाए अजित पवार को काले झंडे



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में महायुति, खासकर बीजेपी के उम्मीदवारों को मिली हार के बाद बीजेपी का आम कैडर अजित को एक बार फिर से स्वीकार करने को तैयार नहीं दिख रहा है। इसकी झलक रविवार को पुणे में देखने को मिली। जहां एनसीपी (अजित पवार) की जनसम्मान यात्रा में आए अजित को बीजेपी के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए। इससे महायुति में मतभेद उभर कर सामने आ गए हैं और आगामी विधानसभा अजित के साथ मिलकर लड़ने के फडणवीस एवं बीजेपी के अन्य नेताओं के प्रयासों को ठेस पहुंची है। जन सम्मान यात्रा के दौरान नारायणगांव में एनसीपी (अजित पवार) की पर्यटन समीक्षा बैठक भी बुलाई गई थी। इस मौके पर बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) से किसी की तस्वीर या नाम का जिक्र नहीं किया गया था। इस वजह से बीजेपी के कार्यकर्ता आक्रामक हो गए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर जाकर काले झंडे दिखाए। इस बैठक में बीजेपी को न्योता नहीं दिए जाने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। रविवार को बीजेपी की पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष आशा बुचके समेत कई नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अजित के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान अजित के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। आशा बुचके ने अजित पर सरकारी कार्यक्रमों में घटक दलों की उपेक्षा करने तथा संरक्षक की भूमिका का पालन नहीं करने का आरोप लगाया।

### पहले भी हो चुका है विरोध

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), शिवसेना (शिंदे गुट) एवं खुद बीजेपी के कई नेता लोक सभा चुनाव में महाराष्ट्र में महायुति की हार के लिए खुलकर उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उनकी एनसीपी को जिम्मेदार ठहरा चुके हैं। हालांकि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा भाजपा के तमाम शीर्ष नेता कार्यकर्ताओं के आक्रोश को अपने तर्कों से शांत करने का प्रयास करते रहे हैं लेकिन बीजेपी के आम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी महाराष्ट्र में अजित का खुलकर विरोध कर रहे हैं।

### बीजेपी के प्रदर्शन से अजित गुट नाराज

जनसम्मान यात्रा में डीसीएम अजित को बीजेपी नेताओं द्वारा काले झंडे दिखाए जाने की घटना के बाद अब एनसीपी (अजित पवार) गुट भी आक्रामक हो गया है। अजित गुट के नेता अमोल मिटकरी ने ट्वीट किया है कि 'जन सम्मान यात्रा एनसीपी पार्टी का निजी कार्यक्रम है।

### एकजुटता को ठेस न पहुंचाएं

एनसीपी सांसद एवं महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा, "उनके पास काले झंडे दिखाने की कोई वजह नहीं थी, उन्हें विरोध करने की भी कोई जरूरत नहीं थी। क्योंकि यह हमारी पार्टी का अंतर्गत कार्यक्रम है। मेरे जिले में भाजपा नेता और मंत्री भी आते हैं। हम उनके कार्यक्रमों पर कभी आपत्ति नहीं जताते हैं। इसलिए अगर कोई इस तरह से महागठबंधन की एकता को ठेस पहुंचाने का काम कर रहा ।"

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

### तेज रफ्तार ट्रक पलटी

दोपहर संवाददाता । मुंबई/पुणे

भारत में हर साल सड़क दुर्घटना में हजारों लोग अपनी जान गंवा देते हैं और लाखों लोग घायल होते हैं। साथ ही सड़क दुर्घटना के कारण हर साल करोड़ों रुपये की सरकारी और निजी संपत्ति का नुकसान भी झेलना पड़ता है। केंद्रीय परिवहन एवं सड़क मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई तरह के कैंपेन चलाए जाते हैं लेकिन सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक सड़क हादस फिर से मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर देखने को मिला है। यहां हुआ हादसा चौंकानेवाला है। दरअसल यहां एक तेज रफ्तार ट्रक सड़क पर ही पलट गई। यह घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो चुकी है।




### एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा

घटना मुंबई-पुणे यशवंतराव चव्हाण एक्सप्रेसव की है। यहां हाईवे पर एक शार्प मोड पर मालवाहक ट्रक चालक ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद आगे जाकर तेज रफ्तार ट्रक पलट गया। यह घटना 17 अगस्त दोपहर करीब 2 बजे की है। यह ट्रक हादसा मुंबई से पुणे जाते वक्त खंडाला बोरघाट में अमृतांजन ब्रिज के नीचे हुआ। गनीमत रहा कि इस हादसे में ट्रक ड्राइवर को मामूली चीटें आई और कोई बड़ा हादसा होने से टल गया। इस हादसे के चलते बोरघाट में कुछ देर के लिए सड़क पर ट्रैफिक रुक गया था, वहीं तेज रफ्तार ट्रक से हुए इस हादसे का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया है।

### कर्नाटक में हुए हादसे में 3 लोगों की मौत

बता दें कि इससे पहले कर्नाटक के बीदर जिला मुख्यालय के बाहरी इलाके में जनवाड़ा के पास रविवार को एक ऑटोरिक्शा और बस के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हादसे में अनीता बाई (45) और उनके दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान बीदर के होनाकेरी टांडा के निवासियों के रूप में हुई है। जनवाड़ा थाने में दुर्घटना का मामला दर्ज किया गया है।

# नशे में धुत व्यक्ति ने कांस्टेबल से की हाथापाई



### खुद को पुलिस अधिकारी का बेटा बताकर मारपीट

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने खुद को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी का बेटा बताकर नशे में गाड़ी चलाने और ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल के साथ कथित तौर पर मारपीट करने तथा धमकी देने के आरोप में 35 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रविवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वर्सोवा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार को अंधेरी इलाके के '4बंगला' क्षेत्र की है। उन्होंने बताया कि नशे में वाहन चलाने वालों की जांच की जा रही थी और इस दौरान कांस्टेबल ने विकास मिश्रा नाम के व्यक्ति को रोका। पुलिस ने पाया कि वह नशे की हालत में था।

### 10,000 रुपए का जुर्माना भरने के बाद रिहा

अधिकारी ने बताया कि जब कांस्टेबल ने उससे 'ड्राइविंग लाइसेंस' और अन्य कागजात दिखाने को कहा तो वह भड़क गया और पुलिसकर्मी से बहस करने लगा। उन्होंने बताया कि आरोपी ने कांस्टेबल को अपशब्द कहे और धमकी देते हुए कहा कि उसके पिता डीएसपी (पुलिस उपाधीक्षक) हैं। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने घटना का वीडियो बनाया जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना के बाद आरोपी को स्थानीय पुलिस थाने ले जाया गया और भारतीय न्याय संहिता तथा मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी दर्ज की गई। आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया जहां उसने अपनी गलती स्वीकार कर ली। पुलिस ने बताया कि 10,000 रुपये का जुर्माना भरने के बाद उसे रिहा कर दिया गया।

# मंकीपॉक्स पर पृथ्वीराज चव्हाण ने जताई चिंता

### सीएम शिंदे को लिखा पत्र

दोपहर संवाददाता । मुंबई

कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने अन्य देशों में सामने आए मंकीपॉक्स के मामलों पर चिंता जाहिर करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर मुंबई हवाई अड्डे पर सख्त परीक्षण और पृथकवास नियमों को लागू करने की मांग की। बीते शनिवार को चव्हाण ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात घोषित कर दिया है और यह वायरस अब पाकिस्तान तक पहुंच गया है। उन्होंने सरकार से भारत में इसके प्रसार को रोकने के लिए उचित कदम उठाने की अपील की।



### क्या कहा पूर्व मुख्यमंत्री चव्हाण ने ?

इस बाबत महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री चव्हाण ने 'x' पर कहा, "मंकीपॉक्स आज हमारे पड़ोस तक पहुंच गया है। हमें कार्रवाई करनी होगी। मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ऐसे देशों से आने वाले सभी यात्रियों के लिए मुंबई हवाई अड्डे पर सख्त परीक्षण और पृथकवास नियमों को लागू करने की मांग की है, जहां मंकीपॉक्स संक्रमण का अधिक खतरा है।" उन्होंने चेताया कि इस समस्या के संबंध में समय पर कार्रवाई आवश्यक है क्योंकि किसी भी तरह की देरी होने पर इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

### मंकीपॉक्स का कोई भी मामला सामने नहीं आया

जानकारी दें कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बीते शनिवार को कहा कि भारत में फिलहाल मंकीपॉक्स का कोई भी मामला सामने नहीं आया है, हालांकि इस बीमारी को फैलने से रोकने और नियंत्रित करने के लिए एहतियाती कदम उठाए जाएंगे। इस समीक्षा बैठक में आगामी हफ्तों में बाहर से आने वाले कुछ मामलों का पता चलने की संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया गया है, लेकिन यह आकलन जरुर किया गया कि निरंतर संचरण के साथ बड़े प्रकोप का जोखिम वर्तमान में भारत के लिए कम है। इस बाबत मंत्रालय ने कहा था कि फिलहाल भारत में मंकीपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है। बयान में कहा गया था कि मंत्रालय द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

गौरतलब है कि WHO द्वारा 14 अगस्त को मंकीपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (PHEIC) घोषित किए जाने के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने यहां मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मंकीपॉक्स की स्थिति और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की थी। बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि पूर्ण रूप से सावधानी बरतने के लिए सभी हवाई अड्डों, बंदरगाहों और सीमा प्रवेश स्थलों पर स्वास्थ्य इकाइयों को सतर्क करना, जांच प्रयोगशालाओं को तैयार करना, किसी भी मामले का पता लगाना, उसे पृथक करना और उसका प्रबंधन करने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को तैयार करना, जैसे उपाय किए जाएं।

# केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का डॉ. अनील काशी मुरारका ने किया सम्मान

दोपहर संवाददाता । मुंबई

एम्पल मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा देश के प्रख्यात समाजसेवी डॉ. अनील काशी मुरारका ने आज, भारत सरकार में तीसरी बार सामाजिक न्याय राज्यमंत्री बनने पर रामदास आठवले का उनके बांद्रा पूर्व स्थित जेट गार्डन कार्यालय पर काशी विश्वनाथ की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए डॉ अनील काशी मुरारका ने कहा कि रामदास आठवले जी जैसे नेता देश में बहुत कम मिलेंगे, जो अपने हर कार्यकर्ता को चाहे वह बड़ा हो या छोटा हो, चाहे देश के किसी भी कोने का आम व्यक्ति क्यों ना हो,वे हर व्यक्ति से सम्मानपूर्वक मिलते हैं हर व्यक्ति का काम करते हैं । उनके इस आचरण व्यवहार को देखकर सीख और प्रेरणा मिलती है। डॉ मुरारका ने अपने ट्रस्ट द्वारा लोनावाला में बनवाया हुआ मंदिर,



नारायणी धाम में दर्शन करने के लिए उन्हें आमंत्रित किया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। श्री आठवले ने उन्हें जल्द ही नारायणी धाम आने का आश्वासन दिया।

# गणेश उत्सव के लिए इंजीनियर कलाकार ने बनाई अनूठी मूर्ति, 'उड़ते बप्पा' रखा नाम

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई के एक कलाकार ने आने वाले गणपति उत्सव को लेकर भगवान गणेश की एक अनूठी मूर्ति तैयार की है। पेशे से इंजीनियर कलाकार ने अपनी इस खास कलाकृति को ऐसे बनाया है जिसमें मोदक हवा में उड़ता प्रतीत होता है। यह मूर्ति 28 साल के मूर्तिकार रमाकांत देवरिया ने बनाई है। उन्होंने इसे ''अनूठे गणपति" या ''उड़ते बप्पा" नाम दिया है। रमाकांत देवरिया पेशे से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं। अपनी इस खास कलाकृति को लेकर रमाकांत देवरिया ने शनिवार को बताया कि 'मोदक' को हवा में लहराने के लिए चुंबकीय सर्किट का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने बताया कि इसे बनाना बिल्कुल भी आसान नहीं था।



### सर्किट बनाने में लगे साढ़े तीन साल

रमाकांत देवरिया पिछले दो दशकों से भगवान गणपति की पर्यावरण अनुकूल मूर्तियां बना रहे हैं। उड़ते बप्पा को बनाने को लेकर देवरिया ने कहा, ''मुझे यह विचार चार साल पहले उस वक्त आया जब मैं अपने सहकर्मियों से बात कर रहा था। मुझे इस चुंबकीय सर्किट को पूरा करने में लगभग साढ़े तीन साल लग गए। मैंने इसे इस तरह बनाया है कि यह बिल्कुल स्वाभविक लगे।"

### सजावट में कर सकते हैं मोदक का प्रयोग

रमाकांत देवरिया ने बताया कि उन्होंने भगवान गणपति की मूर्ति को मिट्टी से ही बनाया है। कलाकार ने बताया कि गणपति की मूर्ति को अनूठा बनाने के लिए उन्होंने हवा में लटका मोदक तैयार किया गया है। इसे मूर्ति के साथ नहीं जोड़ा गया है। लोग गणपति की मूर्ति के विसर्जन के बाद इसका इस्तेमाल सजावट के रूप में भी सकते हैं। 'उड़ते बप्पा" को लेकर कलाकार देवरिया की योजना है कि पहले वह इन मूर्तियों को अपनी दुकान में लगाएंगे और अगर लोगों ने इसे पसंद किया तो वह इस तरह के और डिजाइन तैयार करेंगे।

### 7 सितंबर से शुरू होगा गणपति

उल्लेखनीय है कि गणपति उत्सव अगले महीने सितंबर से मनाया जाएगा। पूरे भारत में गणेशोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाता है। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को 'मुख्य गणेश चतुर्थी', 'विनायक चतुर्थी', 'कलंक चतुर्थी' और 'डंडा चौथ' के नाम से भी जाना जाता है।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार की नई परतें

आर्थिक मामलों तथा वित्तीय गतिविधियों की रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग ने पिछले साल ही अडानी समूह पर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया था, अब एक बार फिर एजेंसी ने जो नया मामला उजागर किया है, उसके केन्द्र में अडानी समूह तो है ही, इसके अलावा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी का नाम भी इसमें शामिल हो गया है। ताजा खुलासे के मुताबिक सेबी की प्रमुख माधवी बुच एवं उनके पति धवल बुच ने 3 ऑफ शोर कम्पनियों में बड़ी राशि का निवेश किया है। इन कंपनियों का संबंध अडानी समूह से है। रिपोर्ट के मुताबिक आज तक सेबी ने अडानी की दूसरी संदिग्ध शेयरहोल्डर कंपनियों पर कोई कार्रवाई नहीं की है जो इंडिया इन्फोलाइन की ईएम रिसर्जेंट फंड और इंडिया फोकस फंड की ओर से संचालित की जाती हैं। हालांकि बुच दंपती ने एक बयान जारी कर इन आरोपों को गलत बताया है। इस खुलासे के बाद अब उंगलियां प्रधानमंत्री मोदी पर भी उठ रही हैं। क्योंकि विपक्ष कई बार गौतम अडानी और नरेन्द्र मोदी के संबंधों पर सवाल उठा चुका है। संसद में भी इस पर सवाल उठाए गए, लेकिन न नरेन्द्र मोदी न ही उनकी सरकार ने इस पर कोई संतोषजनक जवाब दिया। हिंडनबर्ग की पहली रिपोर्ट के बाद भी अडानी समूह के खिलाफ जांच नहीं की गई, इसलिए विपक्ष के आरोप और तेज हो जाते हैं। अब श्री मोदी का इस मामले से कोई सम्बन्ध नहीं है- यह तभी माना जायेगा जब वे इन आरोपों की तत्काल जांच का आदेश दें। विपक्ष अब यह सवाल भी उठा रहा है कि 12 अगस्त तक निर्धारित संसद के सत्र को आनन-फानन में क्या इसलिये अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया गया क्योंकि इस रिपोर्ट के सार्वजनिक होने की बातें सुनाई देने लगीं थीं। खुद हिंडनबर्ग ने एक सूचना देकर हलचल मचा दी थी कि शनिवार को भारत में कुछ बड़ा होने जा रहा है। इस मामले को पूरा समझने के लिये यह जान लेना ज़रूरी है कि पिछले साल की जनवरी में इस आशय की रिपोर्ट सामने आई थी कि गौतम अडानी विश्व के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति इसलिये बने हैं क्योंकि उन्हें भारत सरकार का प्रश्रय और सहायता मिल रही है। इसके चलते ही उनके शेयरों में भारी उछाल आया था। इसके पीछे उनके भाई विनोद अडानी द्वारा विदेशों में स्थापित ऑफ शोर कम्पनियां हैं। सरल भाषा में कहें तो ये वे कम्पनियां होती हैं जिनमें अवैध तरीके से कोई कारोबारी पैसे डालता है। फर्जी कम्पनियां होने के कारण उन पर खर्च तो होता नहीं लेकिन काला धन निवेश करने की सुविधा होती है। मोदी के साथ अडानी की नज़दीकियों के कारण विपक्ष द्वारा जांच की बार-बार मांग होने के बाद भी ऐसा नहीं किया गया, न ही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) बिठाई गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अदानी-मोदी के सम्बन्धों पर कई बार बातें उठाई गईं। अपनी पहली राष्ट्रव्यापी पदयात्रा में भी राहुल इस बात को उठाते रहे कि अदानी और अंबानी (मुकेश) मिलकर देश के सभी संसाधनों पर कब्जा कर रहे हैं क्योंकि उनके पीछे खुद मोदी हैं। यह सवाल भी पूछा जाता रहा है कि जब देश में गरीबी और भुखमरी बढ़ रही है तो अडानी किस प्रकार से दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक हैं। यह इसलिये सबके लिये आश्चर्य का विषय रहा क्योंकि कुछ ही समय पहले तक अडानी की विश्व रैंकिंग 600 के भी नीचे थी। यहां यह भी याद किये जाने की आवश्यकता है कि पिछली लोकसभा के आखिरी दिनों में हुए एक सत्र में राहुल गांधी ने जब उस चित्र को दिखाया था जिसमें अडानी के हवाई जहाज में बैठकर मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिये दिल्ली आ रहे हैं, वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उस वक्त सीधे-सीधे मोदी के बचाव में उतर आये थे। राहुल की जुबान बन्द करने हेतु उनके खिलाफ लम्बित अवमानना का एक मुकदमा भी पुनर्जीवित किया गया और उनकी सदस्यता छीन ली गई थी। वैसे उनकी सदस्यता बहाली सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के चलते हुई पर गौर करने वाली बात यह है कि ओम बिड़ला को ही दोबारा सदन का अध्यक्ष बनाया गया।

## शख्सियत | डॉ. शंकर दयाल शर्मा

# नौवें राष्ट्रपति और स्वतंत्रता सेनानी



डॉ. शंकर दयाल शर्मा भारत के नौवें राष्ट्रपति थे, जिन्होंने 1992 से 1997 तक सेवा की, लेकिन भारत में उनका योगदान इससे कहीं अधिक रहा है। वह एक विद्वान थे, जिनके पास शैक्षिक योग्यताओं का असाधारण पोर्टफोलियो था। वह एक पत्रकार भी थे और उन्होंने इतिहास से लेकर साहित्य, दर्शन से लेकर तुलनात्मक धर्मों और कई अन्य लेखों तक विविध विषयों पर लिखा था। इसके अतिरिक्त, वह एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी भी थे, जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल थे और विभिन्न अभियानों में भाग लिया था।

शंकर दयाल शर्मा का जन्म 19 अगस्त 1918 को भोपाल, मध्य प्रदेश में पिता खुशीलाल शर्मा और माता सुभद्रा शर्मा के घर हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा विभिन्न संस्थानों से प्राप्त की। वह एक समर्पित राजनीतिज्ञ थे, उन्होंने शिक्षा, कानून, सार्वजनिक कार्य आदि सहित कई विभागों को संभाला और राष्ट्रपति बनने से पहले भारतीय राजनीति में कई उच्च पदों पर रहे। अपने जीवनकाल में उन्होंने जो सम्मान कमाया, उससे उन्हें कई सम्मान और सम्मानजनक पद मिले।

श्रृंगेरी के शंकराचार्य ने डॉ. शंकर दयाल शर्मा को 'राष्ट्ररत्नम' की उपाधि से सम्मानित किया। श्रवणबेलगोला के पोंटिफ द्वारा उन्हें 'धर्मरत्नाकर' की एक और प्रतिष्ठित उपाधि प्रदान की गई थी। कानूनी पेशे में उनके उल्लेखनीय योगदान और इसके प्रति समर्पण के लिए, उन्हें इंटरनेशनल बार एसोसिएशन की ओर से 'द लिविंग लीजेंड्स ऑफ लॉ' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शर्मा ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय समझ के लिए जवाहर लाल नेहरू पुरस्कार के लिए जूरी के अध्यक्ष और इंदिरा गांधी पुरस्कार के लिए अंतर्राष्ट्रीय जूरी के अध्यक्ष जैसे कई सम्मानजनक पदों पर भी काम किया। 26 दिसंबर, 1999 को नई दिल्ली में बड़े दिल का दौरा पड़ने से डॉ. शंकर दयाल शर्मा की मृत्यु हो गई और उनका अंतिम संस्कार विजय घाट के पास कर्म भूमि में किया गया।

# भारत मोहम्मद युनुस पर भरोसा बनाए रखे



**जगदीश रत्तनानी**

इसमें कोई संदेह नहीं है कि यूनुस धर्मनिरपेक्ष साख के साथ खड़े हैं और ये पिछले 10 दिनों से अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को शांत करने और उन्हें आश्वस्त करने का काम करेंगे। वास्तव में भारत में कुछ राजनीतिक रूप से प्रेरित तथा दक्षिणपंथी झुकाव वाले सोशल मीडिया कंटेंट पर अंकुश लगाने की तत्काल आवश्यकता है जो बांग्लादेश में शुरुआती हिंसा को बढ़ते या बिगड़ते हिंदू-मुस्लिम विभाजन के रूप में चित्रित करते हैं। भारत ने कई अन्य वैश्विक शक्तियों की तरह बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में 80 वर्षीय प्रो. मोहम्मद यूनुस को अपनी शुभकामनाएं भेजी हैं, जो 'निर्वाचित' प्रधानमंत्री शेख हसीना के 15 साल के शासन के अंत को चिह्नित करने वाली अशांति के बाद बनी है। भारतीय बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सोशल प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक संदेश है जो संक्षिप्त और औपचारिक है। फिर भी महत्वपूर्ण है।

यह एक नए शासन के साथ संबंध बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत मात्र है जो एक आवेशित राजनीतिक परिदृश्य और भारत-बांग्लादेश संबंधों में चुनौतियों के एक नए सेट के बीच है। एक बात यह है कि हसीना भारत में शरण लिए हुए हैं, जहां उन्हें सरकार से उच्चतम स्तर का समर्थन और संरक्षण प्राप्त है। फिर भी बांग्लादेश में उनसे स्पष्ट रूप से नफ़रत की जाती है जो उनसे जवाबदेही चाहता है, जबकि भारत सरकार को भारत के दीर्घकालिक मित्र के रूप में उनका बचाव करना जारी रखना चाहिए। इसलिए बांग्लादेश में नई सरकार के साथ रिश्ते विवाद की जड़ से शुरू होते हैं। प्रो. यूनुस के शुरुआती बयान से यह और भी मुश्किल हो जाता है कि उन्हें इस बात से दुख हुआ कि भारत हसीना के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन नहीं कर रहा है और इसे बांग्लादेश का आंतरिक मामला बता रहा है। प्रो. यूनुस ने आगे कहा- 'अगर भाई के घर में आग लगी है तो मैं कैसे कह सकता हूं कि यह आंतरिक मामला है...'

यह संभवतः एक स्पष्ट और गैर-राजनीतिक आक्रोश था, जो कूटनीतिक सीमाओं से परे था और अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में उनके कार्यभार संभालने से पहले आया था। अब जब वे सत्ता में हैं, तो प्रो. यूनुस समझेंगे कि किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करना कूटनीतिक रूप से खतरनाक है। बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले और उनके द्वारा लाई गई असुरक्षाएं मामले को और भी जटिल बनाती हैं।

फिर भी यह सब अतीत की बातें हैं और यह तथ्य कि प्रो. यूनुस लोकप्रिय मांग पर पड़ोसी देश का नेतृत्वकरने के लिए तैयार हो गए हैं, न केवल बांग्लादेश में बल्कि पूरे क्षेत्र में जश्न का कारण होना चाहिए। यह सेना, व्यापक बांग्लादेशी प्रतिष्ठान और छात्र प्रदर्शनकारियों की परिपक्वता का सम्मान है कि उन्होंने अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए एक बड़े नेता को चुना है। भारत को भी शुरुआती अराजकता और चिंता को पीछे छोड़कर प्रो. यूनुस के लिए खड़े होने के हर अवसर को भुनाने की जरूरत है जो गरीबों के साथ अपने काम और न्याय, समानता और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अपने जुनून के लिए जाने जाते हैं। प्रो. यूनुस पूंजीवाद की विकृत धारणा की विफलताओं को उजागर करने के लिए भी जाने जाते हैं जिसने पश्चिम को नुकसान पहुंचाया है और पूर्व में इसके सभी नकल मॉडलों के लिए आपदा ला दी है। वे उन चंद लोगों में से हैं जिन्होंने लालच, शोषण और स्वार्थ के खिलाफ स्पष्ट आवाज में बात की है, जो न केवल हमारे समय की जरूरतों को पूरा करने में विफल है बल्कि गरीबों और अमीरों दोनों को समान रूप से नुकसान पहुंचाता है।

इसके अलावा युनूस बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों द्वारा विद्रोह के दौरान और उसके बाद झेली गई हिंसा के खिलाफ खड़े होने में आगे रहे हैं। यहां तक कि उन्होंने पूछा- 'क्या वे (अल्पसंख्यक) इस देश के लोग नहीं हैं? आप (छात्र) इस देश को बचाने में सक्षम हैं; क्या आप कुछ परिवारों को नहीं बचा सकते? आपको कहना चाहिए कि कोई भी उन्हें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। वे मेरे भाई हैं; हमने साथ मिलकर लड़ाई लड़ी है और हम साथ ही रहेंगे।' पीटीआई के अनुसार, रंगपुर शहर में बेगम रोकेया विश्वविद्यालय में सप्ताहांत पर छात्रों को यह समझाइश दी गई।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि यूनुस धर्मनिरपेक्ष साख के साथ खड़े हैं और ये पिछले 10 दिनों से अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को शांत करने और उन्हें आश्वस्त करने का काम करेंगे। वास्तव में भारत में कुछ राजनीतिक रूप से प्रेरित तथा दक्षिणपंथी झुकाव वाले सोशल मीडिया कंटेंट पर अंकुश लगाने की तत्काल आवश्यकता है जो बांग्लादेश में शुरुआती हिंसा को बढ़ते या बिगड़ते हिंदू-मुस्लिम विभाजन के रूप में चित्रित करते हैं। भारत को प्रो. यूनुस के नेतृत्व में विश्वास बनाए रखना चाहिए और जहां भी ज़रूरत हो, उन्हें समर्थन देना चाहिए। फिर भी, यह एक नाजुक काम होगा जो बांग्लादेश से कहीं ज़्यादा भारत की परीक्षा ले सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यूनुस का धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत और उनके काम और उनके जीवन को परिभाषित करने वाला एक गरीब समर्थक एजेंडा भारत में केंद्र में रहने वाली दक्षिणपंथी राजनीति के एजेंडे के लिए एक अनूठी राजनीतिक चुनौती पेश करता है। यूनुस को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं देने वाले भारतीय बयान में 'हिंदुओं और सभी अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और संरक्षण' की बात कही गई है। वे हिंदुओं, बौद्धों, ईसाइयों, अहमदिया और अन्य पर हमलों के खिलाफ मुखर रूप से बोलते रहे हैं। उनका कहना है कि छात्रों की जिम्मेदारी है कि वे सभी की सुरक्षा करें। अपनी पुस्तक 'ए वर्ल्ड ऑफ़ थ्री जीरो' में प्रो. यूनुस, जो ग्रामीण बैंक के संस्थापक हैं, लिखते हैं- 'यदि मनुष्य वास्तव में 'पूंजीवादी आदमी' के ढांचे में फिट होते हैं तो ट्रस्ट-आधारित बैंकों से उधारकर्ता बस डिफ़ॉल्ट हो जाएंगे ... ग्रामीण बैंक जल्द ही अस्तित्व में नहीं रहेगा। इसकी दीर्घकालिक सफलता इस तथ्य को प्रदर्शित करती है कि 'असली आदमी', 'पूंजीवादी आदमी' से बहुत अलग और बहुत बेहतर प्राणी है। फिर भी कई अर्थशास्त्री, व्यापारिक नेता और सरकारी विशेषज्ञ यह सोचना और कार्य करना जारी रखते हैं जैसे कि 'पूंजीवादी आदमी' वास्तविक है और मानों स्वार्थ ही मानव व्यवहार के पीछे एकमात्र प्रेरणा है .. वे आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था को बनाए रखते हैं जो स्वार्थ को बढ़ावा देते हैं और लोगों के लिए निःस्वार्थ, भरोसेमंद व्यवहार का अभ्यास करना अधिक कठिन बनाते हैं, जिसे लाखों लोग सहज रूप से पसंद करते हैं।' यह वह स्थान है जहां से सार्थक विकास और स्थिरता के विचार निकलते हैं। इसमें हम सभी प्रो. यूनुस से सीख सकते हैं और 'असली आदमी' की ज़रूरतों और आकांक्षाओं में निहित नए मॉडल के साथ काम कर सकते हैं, जबकि हम सामूहिक रूप से तथाकथित 'पूंजीवादी आदमी' के मनगढ़ंत विचारों को अस्वीकार करते हैं।

## सहज योग

# सामूहिकता और पवित्रता



**यदि आप सामूहिक नहीं हैं तो आपको धीरे-धीरे बाहर निकाल दिया जाता है। अब आप कह सकते हैं कि, इस महाकाली शक्ति को सात तार मिले हैं। और ये तार आपको सामूहिक अवचेतन क्षेत्रों में फेंकने के लिए हैं।**

हमने बेल्जियम में भैरव पूजा करी थी और अब मैंने सोचा कि चलो आज हम महाकाली पूजा करें क्योंकि कल रात का अनुभव, कल रात का अनुभव महाकाली का काम था। हर समय उनकी दोहरी भूमिका है, वे दो चरम सीमाओं पर है। एक तरफ वह आनंद से भरी है, आनंद की दाता, वह बहुत प्रसन्न होती हैं जब वह अपने शिष्यों को खुश देखती है। आनंद उसका अपना गुण है, उसकी ऊर्जा है। और कल आप फ्रांस की इतनी अधेड़ उम्र की महिलाओं को मुस्कुराते और हंसते देखकर चकित रह गए होंगे। मैंने उन्हें कभी मुस्कुराते हुए नहीं देखा था! यह बहुत आश्चर्य की बात है कि वे इतनी आनंदित और इतनी खुश कैसे थी। और यह महाकाली की ऊर्जा है, जो आपको आत्मसाक्षात्कार के बाद खुशी प्रदान करती है, और प्रसन्नता जिसका आप सब लोगों के बीच आनंद लेते हैं। ये सभी महाकाली के गुण हैं और जब वे महाकाली के नाम पढ़ेंगे, तो आप जानेंगे कि सहज-योग में उनकी शक्तियां कैसे प्रकट होती हैं और किस तरह से इसने आप सभी को आनंद के सागर में डूबने में मदद की है। शुरुआत में मुझे आपको एक बात बतानी है किः महाकाली पूजा, जब आप कर रहे होते हैं, तो आपको अपने भीतर, और दूसरे सहज योगियों से एक आनंद तथा खुशी महसूस करनी होती है। यदि आप ऐसा महसूस नहीं कर सकते हैं, तो इसका मतलब है कि आप अभी तक विकसित नहीं हुए हैं और कुछ समस्या है, हो सकता है कि आपके माता-पिता के साथ, शायद आपके बच्चों के साथ, शायद आपके परिवार के साथ, आपके देश के साथ, जो भी हो, लेकिन वहां किसी प्रकार के कुसंस्कार हैं जो काम कर रहे हैं जो आपको प्रसन्नता नहीं देता है। और सहज योग में विकसित होना बहुत महत्वपूर्ण है, जो मुझे लगता है कि लोग भले ही आश्रम में रहें फिर भी समझ न पाए। वे एक बात नहीं समझते हैं कि आपको सामूहिक होना है। यदि आप सामूहिक नहीं हैं तो आपको धीरे-धीरे बाहर निकाल दिया जाता है। अब आप कह सकते हैं कि, इस महाकाली शक्ति को सात तार मिले हैं। और ये तार आपको सामूहिक अवचेतन क्षेत्रों में फेंकने के लिए हैं। जैसे सितार में आपने देखा है, अनुनाद के लिए, अन्य तार भी हैं। इसलिए, एक बार जब आप सामूहिकता से बाहर निकलने लगते हैं तो यह स्वयं महाकाली ही है जो आपको उठाकर धीरे-धीरे अवचेतन क्षेत्र में बाहर फेंकना शुरू करती है, और जहां आप बस गुम हो जाते हैं। और सभी तरह की समस्याएं वहां से शुरू होती हैं। मैंने हर देश में ऐसा होते देखा है कि लोग सामूहिक ध्यान में नहीं जाते हैं। फ्रांस के लिए भी मेरे पास यही रिपोर्ट है। और मुझे लगता है कि जो विकसित नहीं होते हैं उन्हें बाहर निकाल दिया जाएगा।

सहज योग, जैसा कि आप जानते हैं, एक दो तरफ़ा कार्रवाई है, जैसा कि महाकाली की दो तरफ़ा कार्रवाई है वह बेहद प्यार, आनंद और प्रसन्नता से भरी हैं और वह बहुत क्रूर, क्रोधी है। वह वह है जो लोगों का बुरा करने वाले सभी राक्षसों और दुष्टों की हंता है। इसलिए, एक बार जब आप लेफ्ट साइड में फेंक दिए जाते हैं, तो आप कल्पना कर सकते हैं, आप किसी भी प्रकार के लेफ्ट साइड रोगों से ग्रसित हो सकते हैं, उनमें मूलाधार के रोग सबसे खराब होते हैं, आप मेलाइलिटस जैसी बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा

हजारी प्रसाद द्विवेदी : जन्म- 19 अगस्त 1907 | जन्म

# महान संकल्प ही महान फल का जनक है

**हजारी प्रसाद द्विवेदी हिन्दी के सुप्रसिद्ध आलोचक और उपन्यासकार हैं। हजारी प्रसाद का जन्म 19 अगस्त 1907 को बलिया में हुआ था। उन्होंने बाणभट्ट की आत्मकथा, पुनर्नवा और अनामदास का पोथा जैसे उपन्साय लिखे हैं। हजारी जी को शिक्षा एवं साहित्य में योगदान के लिए पद्म भूषण से भी सम्मानित किया जा चुका है।**

महान संकल्प ही महान फल का जनक होता है। जीना भी एक कला है, बल्कि कला ही नहीं तपस्या है। ईमानदारी और बुद्धिमानी के साथ किया हुआ काम कभी व्यर्थ नहीं जाता।

जीतता वह है, जिसमें शौर्य, धैर्य, साहस, सत्व और धर्म होता है। जो लोग दूसरो को धोखा देते है वे लोग खुद धोखा खाते हैं और जो लोग दूसरों के लिए गड्ढा खोदते हैं, उनके लिए कुआं तैयार रहता है। दुनिया बस अपने स्वार्थ की मीत है, बस उतना ही याद रखती है जितना कि उसका स्वार्थ चाहता है।



दही में जितना दूध डालते जाओगे वह दही बनता जायेगा वैसे ही जो लोग शंका करते हैं उनके दिल में हमेशा शंका उत्पन्न होती ही रहती है। वे लोग ही विचार में निर्भीक हुआ करते हैं जिन लोगों के अन्दर आचरण की दृढ़ता होती है। बुद्धिमान लोग हमेशा स्वेच्छा से ही सही रास्ते पर चलते हैं। हिन्दू समाज में नीची से नीची समझे जाने वाली जाति भी अपने से नीची एक और जाति ढूंढ लेती है। राजनीति भुजंग से भी अधिक कुटिल है, असिधारा से भी अधिक दुर्लभ है और विद्युत शिक्षा से भी अधिक चंचल है।

महान संकल्प ही महान फल का जनक होता है। दुनिया बड़ी भुलक्कड़ है, केवल उतना ही याद रखती है, जितने से उसका स्वार्थ सधता है। लोग केवल सत्य को पाने के लिए देर तक नहीं टिके रह सकते। उन्हें न धन चाहिए, मान चाहिए, यश चाहिए, कीर्ति चाहिए। जो साहित्य मनुष्य समाज को रोग, शोक, दारिद्रय, अज्ञान तथा परामुखापेक्षिता से बचाकर उसमें आत्मबल का संचार करता है, वह निश्चय ही अक्षय निधि है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# रावण के जन्म की कथा

(भाग 4)

उस विमान का वेग मन के समान तीव्र था। वह अपने ऊपर बैठे हुये लोगों की इच्छानुसार छोटा या बड़ा रूप धारण कर सकता था। विमान में मणि और सोने की सीढ़ियाँ बनी हुई थीं और तपाये हुये सोने के आसन बने हुये थे। उस विमान पर बैठकर जब वह शरवण नाम से प्रसिद्ध सरकण्डों के विशाल वन से होकर जा रहा था तो भगवान शंकर के पार्षद नन्दीश्वर ने उसे रोकते हुये कहा कि दशग्रीव इस वन में स्थित पर्वत पर भगवान शंकर क्रीड़ा करते हैं, इसलिये यहाँ सभी सुर, असुर, यक्ष आदि का आना निषिद्ध कर दिया गया है। नन्दीश्वर के वचनों से क्रुद्ध होकर रावण विमान से उतरकर भगवान शंकर की ओर चला। उसे रोकने के लिये उससे थोड़ी दूर पर हाथ में शूल लिये नन्दी दूसरे शिव की भाँति खड़े हो गये। उनका मुख वानर जैसा था। उसे देखकर रावण ठहाका मारकर हँस पड़ा। इससे कुपित हो नन्दी बोले कि दशानन तुमने मेरे वानर रूप की अवहेलना की है, इसलिये तुम्हारे कुल का



नाश करने के लिये मेरे ही समान पराक्रमी रूप और तेज से सम्पन्न वानर उत्पन्न होंगे। रावण ने इस ओर तनिक भी ध्यान नहीं दिया और बोला कि जिस पर्वत ने मेरे विमान की यात्रा में बाधा डाली है, आज मैं उसी को उखाड़ फेंकूँगा। यह कहकर उसने पर्वत के निचले भाग में हाथ डालकर उसे उठाने का प्रयत्न किया। जब पर्वत हिलने लगा तो भगवान शंकर ने उस पर्वत को अपने पैर के अँगूठे से दबा दिया। इससे रावण का हाथ बुरी तरह से दब गया और वह पीड़ा से चिल्लाने लगा। जब वह किसी प्रकार से हाथ न निकाल सका तो रोते-रोते भगवान शंकर की स्तुति और क्षमा प्रार्थना करने लगा। इस पर भगवान शंकर ने उसे क्षमा कर दिया और उसके प्रार्थान करने पर उसे एक चन्द्रहास नामक खड्ग भी दिया।

अगस्त्य मुनि ने आगे कहा, एक दिन हिमालय प्रदेश में भ्रमण करते हुये रावण ने अमित तेजस्वी ब्रह्मर्षि कुशध्वज की कन्या वेदवती को तपस्या करते देखा। उस देखकर वह मुग्ध हो गया और उसके पास आकर उसका परिचय तथा अविवाहित रहने का कारण पूछा। वेदवती ने अपने परिचय देने के पश्चात् बताया कि मेरे पिता विष्णु से मेरे विवाह करना चाहते थे। इससे क्रुद्ध होकर मेरी कामना करने वाले दैत्यराज शम्भु ने सोते में उनका वध कर दिया। उनके मरने पर मेरी माता भी दुःखी होकर चिता में प्रविष्ट हो गई। तब से मैं अपने पिता के इच्छा पूरी करने के लिये भगवान विष्णु की तपस्या कर रही हूँ। उन्हीं को मैंने अपना पति मान लिया है। पहले रावण ने वेदवती को बातों में फुसलाना चाहा, फिर उसने जबरदस्ती करने के लिये उसके केश पकड़ लिये। वेदवती ने एक ही झटके में पकड़े हुये केश काट डाले। फिर यह कहती हुई अग्नि में प्रविष्ट हो गई कि दुष्ट तूने मेरा अपमान किया है।

(क्रमशः)



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

### लालच

एक दिन चरवाहा अपनी बकरियों को लेकर जंगल में चराने ले गया। वहा जंगल में चरवाहा को बहुत सारी जंगली बकरिया भी दिखाई दी। उसकी नियत बिगड़ गई उसने सोचा की यह जंगली बकरियों को में अपनी बकरियों के साथ में मिला लेता हु। चरवाहा जंगली बकरियों को सभी तरह से देखभाल करने लगा। जंगली बकरियों के लालच में उनकी देखभाल में इतना व्यस्त हो गया की वह अपनी बकरियों का देखभाल करना ही भूल गया। जैसे बारिश का मौसम चला गया वैसे ही जंगली बकरिया मौका देखकर भाग गए। जब पता चला तो चारवाहा सोचने लगा कि कोई बात नही मेरी बकरियां तो मेरे पास है। अब सिर्फ मुझे अपनी बकरियों पर ही ध्यान देना होगा। पर बहुत देर हो चुकी थी, क्योंकि बकरियां बहुत कमजोर हो चुकी थी और कुछ दिनों में वे सभी बकरिया धीरे धीरे मरने लगी। उस जंगली बकरियों के चक्कर में चरवाह अपनी बकरियों से भी हाथ धो बैठा। ज्यादा लालच से इंसान के पास जो भी होता है वो भी चला जाता है।

### लक्ष्य

एक लड़के ने एक बार बहुत ही धनवान व्यक्ति को देखकर धनवान बनने का निश्चय किया। वह धन कमाने के लिए कई दिनों तक मेहनत कर धन कमाने के पीछे पड़ा रहा और उसने बहुत सारा पैसा कमा लिया। इसी बीच उसकी मुलाकात एक विद्वान से हो गई। विद्वान के ऐश्वर्य को देखकर वह आश्चर्यचकित हो गया और अब उसने विद्वान बंनने का निश्चय कर लिया और अगले ही दिन से धन कमाने को छोड़कर पढ़ने-लिखने में लग गया। वह अभी अक्षर ज्ञान ही सीख पाया था, की इसी बीच उसकी मुलाकात एक संगीतज्ञ से हो गई। उसको संगीत में अधिक आकर्षण दिखाई दिया, इसीलिए उसी दिन से उसने पढ़ाई बंद कर दी और संगीत सिखने में लग गया। इसी तरह काफी उम्र बीत गई, न वह धनी हो सका ना विद्वान और ना ही एक अच्छा संगीतज्ञ बन पाया। तब उसे बड़ा दुख हुआ। एक दिन उसकी मुलाकात एक बहुत बड़े महात्मा से हुई। उसने महात्मन को अपने दुःख का कारण बताया। महात्मा ने उसकी परेशानी सुनी और मुस्कुराकर बोले, बेटा, दुनिया बड़ी ही चिकनी है, जहां भी जाओगे कोई ना कोई आकर्षण ज़रूर दिखाई देगा। बार-बार रूचि बदलते रहने से कोई भी उन्नत्ति नहीं कर पाओगे। युवक महात्मां की बात को समझ गया और एक लक्ष्य निश्चित कर उसी का अभ्यास करने लगा।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# अपनेपन का प्रतीक है रक्षाबंधन का पर्व

भारत में रक्षाबंधन के पवित्र पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसे रिश्तों में मिठास, विश्वास और प्रेम बढ़ाने वाला पर्व माना गया है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, और उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दौरान भाई भी अपनी बहन को रक्षा का वचन देता है, और क्षमता के अनुसार उसे उपहार देता है। रक्षाबन्धन का पर्व भाई-बहिन के स्नेह का प्रतीक देश का एक प्रमुख त्यौहार है। रक्षाबन्धन पर्व में रक्षासूत्र यानि राखी का सबसे अधिक महत्व है। इस पर्व के दिन बहनें अपने भाई को राखी बांधती हैं। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी पर्व भी कहते हैं। इस दिन ब्राह्मण, गुरु द्वारा भी राखी बांधी जाती है।

हिन्दू धर्म के सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बांधते समय पण्डित संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं। जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। यह श्लोक रक्षाबन्धन का अभीष्ट मन्त्र है।

येन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महाबलः
तेन त्वाम प्रतिबद्धनामी रक्षे माचल माचलः

इस श्लोक का अर्थ है जिस रक्षासूत्र से महान शक्तिशाली दानवेन्द्र राजा बलि को बांधा गया था, उसी सूत्र से मैं तुझे बांधता हूं। तुम अपने संकल्प से कभी भी विचलित मत होना।

रक्षाबंधन का त्योहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता। लेकिन भविष्य पुराण में इस पर्व का वर्णन मिलता है। जब देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हुआ। तब देवताओं पर दानव हावी होने लगे। देवराज इन्द्र ने घबरा कर देवताओं के गुरू बृहस्पति से मदद की गुहार की। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बांध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है।

विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि श्रावण की पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रीव के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिये फिर से प्राप्त किया था। हयग्रीव को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित कृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त भी मिलता है। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाडकर उनकी उंगली पर पट्टी बांध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी



को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई।

महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं। तब भगवान कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर विपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। इस समय द्रौपदी द्वारा कृष्ण को तथा कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बांधने के कई उल्लेख मिलते हैं।

स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान विष्णु वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंचे। गुरु के मना करने पर भी राजा बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश, पाताल और धरती नापकर राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया। कहते कि पाताल लोक में राजा बलि ने भक्ति के बल पर भगवान विष्णु से रात-दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया। भगवान के घर न लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया। उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उसे रक्षाबन्धन बांधकर अपना भाई बनाया और अपने पति भगवान विष्णु को अपने साथ ले आयीं। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी।

महाराष्ट्र राज्य में यह त्योहार नारियल पूर्णिमा या श्रावणी के नाम से विख्यात है। इस दिन लोग नदी या समुद्र के तट पर जाकर अपने जनेऊ बदलते हैं और समुद्र की पूजा करते हैं। इस अवसर पर समुद्र के स्वामी वरुण देवता को प्रसन्न करने के लिये नारियल अर्पित करने की परम्परा भी है। राजस्थान में रामराखी और चूड़ाराखी या लूंबा बांधने का रिवाज है। रामराखी सामान्य राखी से भिन्न होती है। इसमें लाल डोरे पर एक पीले छींटों वाला फुंदना लगा होता है। यह केवल भगवान को ही बाँधी जाती है। चूड़ा राखी भाभियों की चूडियों में बांधी जाती है। राजपूत योद्धा जब शत्रु से युद्ध करने जाते थे तब महिलाएं उनको माथे पर कुमकुम का तिलक लगाने के साथ हाथ में रेशमी धागा भी बांधती थी। इस विश्वास के साथ कि यह धागा उन्हे विजयश्री के साथ वापस ले आयेगा।

उत्तरांचल में इसे श्रावणी कहते हैं। ब्राह्मण अपने यजमानों को यज्ञोपवीत तथा राखी देकर दक्षिणा लेते हैं। अमरनाथ की अतिविख्यात धार्मिक यात्रा गुरु पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर रक्षाबन्धन के दिन सम्पूर्ण होती है। कहते हैं इसी दिन यहां का हिमानी शिवलिंग भी अपने पूर्ण आकार को प्राप्त होता है। इस उपलक्ष्य में इस दिन अमरनाथ गुफा में प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन भी होता है। नेपाल के पहाडी इलाकों में ब्राह्मण एवं क्षत्रीय समुदाय में रक्षा बन्धन गुरू के हाथ से बांधा जाता है। लेकिन दक्षिण सीमा में रहने वाले भारतीय मूल के नेपाली भारतीयों की तरह बहन से राखी बंधवाते हैं।

नोबेल पुरष्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ टैगोर ने 1905 में बंगाल विभाजन का विरोध करने के लिए इस त्योहार को मनाने को प्रोत्साहित किया था। वह इस त्योहार के माध्यम से विभिन्न समुदायों के बीच एक मजबूत संबंध बनाना चाहते थे। उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों को एक-दूसरे के हाथों पर राखी बांधने के लिए प्रोत्साहित किया, जो भाईचारे और अपने समुदाय के लिए प्यार का प्रतीक है। इस त्यौहार का जश्न ब्रिटिश शासकों और बंगाल के विभाजन और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच मतभेदों के खिलाफ एक शक्तिशाली प्रयास था। रक्षाबन्धन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता का सांस्कृतिक उपाय रहा है। विवाह के बाद बहन पराये घर में चली जाती है। इस बहाने प्रतिवर्ष अपने सगे ही नहीं अपितु दूरदराज के रिश्तों के भाइयों तक को उनके घर जाकर राखी बांध कर अपने रिश्तों का नवीनीकरण करती रहती है। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भी एक सूत्रता के रूप में इस पर्व का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार जो कड़ी टूट गयी है उसे फिर से जागृत किया जा सकता है।


रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति इतनी लचीली है कि इस में हर संस्कृति समाहित होती चली जाती है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, सौराष्ट्र से असम तक देखें तो यहां के लोग प्रतिदिन कोई न कोई त्योहार मनाते मिलेंगे। इन त्योहारों के मूल में आपसी रिश्तों के बीच मधुरता घोलने एवं सरसता लाने की भावना रहती है। भाई-बहन के बीच प्यार, मनुहार व तकरार होना एक सामान्य सी बात है। लेकिन रक्षा बंधन के दिन बहन द्वारा भाई के हाथ में बांधे जाने वाले रक्षा सूत्र में भाई के प्रति बहन के असीम स्नेह और बहन के प्रति भाई के कर्तव्यबोध को पिरोया गया है।

## राखी बांधने का शुभ मुहूर्त

ज्योतिष के अनुसार,सावन की पूर्णिमा के सुबह 5.33 बजे भद्रा लग जाएगा। फिर आप सभी 1.33 बजे से राखी बांध सकते हैं। ज्योतिषियों के मुताबिक रक्षा बंधन के दिन चंद्रमा मकर राशि में हैं, इसलिए भद्रा का पृथ्वीलोक पर इसका कोई असर नहीं रहेगा। हिंदू धर्म के निर्णायक ग्रंथ निर्णय सिंधु के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व की उदया तिथि के अनुसार 19 अगस्त को मनाया जाएगा। राखी बांधने का शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 33 मिनट से लेकर रात्रि 11 बजकर 55 मिनट तक मनाया जा सकता है।

# भगवान गणेश को एकदंत क्यों कहा जाता है?

भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देवता माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत करने से पहले भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता, गजानन और एकदंत आदि नामों से जाना जाता है। वहीं तमाम भक्त भगवान गणेश की कृपा व आशीर्वाद पाने के लिए मंदिरों में जाते हैं। वैसे तो हमारे देश में भगवान गणेश को समर्पित तमाम मंदिर हैं। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गजानन के उस मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर परशुराम और गणेश में युद्ध हुआ था। इस युद्ध में भगवान गणेश का एक दांत टूट गया था। जिसके कारण उनका नाम एकदंत पड़ गया था।



## 3000 फीट की ऊंचाई पर है मंदिर

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में बैलाडिला की ढोलकल पहाड़ी पर भगवान श्रीगणेश का यह विशेष मंदिर स्थित है। यह मंदिर समुद्र तल से 3000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और मंदिर में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित है। बताया जाता है कि मंदिर में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा ढोलक के आकार की है। जिसके कारण इस पहाड़ी का नाम ढोलकल पड़ गया।

## ढोलकर मंदिर की कथा

पौराणिक कथा के मुताबिक इस पहाड़ी के शिखर पर श्रीगणेश और परशुराम जी में युद्ध हुआ था। युद्ध के दौरान परशुराम के फरसे से भगवान गणेश का एक दांत टूट गया था। जिसकी वजह से उनको गजानन एकदंत कहा जाता है। वहीं परशुराम के फरसे से गणेश जी का दांत टूटा, इसलिए पहाड़ी के शिखर के नीचे बसे गांव का नाम फरसपाल पड़ गया। बता दें कि ढोलकट्टा (ढोलकल) की महिला पुजारी से दक्षिण बस्तर के भोगामी आदिवासी परिवार अपनी उत्पत्ति मानते हैं। इसी की याद में छिंदक नागवंशी राजाओं ने शिखर गजानन की प्रतिमा स्थापित की थी। वहीं पुरातत्ववेत्ताओं के मुताबिक इस शिखर पर ललितासन मुद्रा में विराजमान दुर्लभ गणेश भगवान की प्रतिमा करीब 11वीं शताब्दी की बताई जाती है। यहां पर रहने वाले लोग 12 महीने ढोलकर मंदिर में श्रीगणेश की पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं फरवरी महीने में यहां पर मेले का आयोजन होता है।



# बृहस्पति देव की पूजा से पूरी होती हैं सभी मनोकामनाएं

हिंदू धर्म में बृहस्पति देव की पूजा करना शुभ माना जाता है। गुरु बृहस्पति ज्ञान, बुद्धि और संतान के कारण ग्रह माने जाते हैं। बृहस्पति देव की पूजा-अर्चना के लिए गुरुवार का दिन शुभ माना जाता है। जो भी जातक गुरुवार के दिन बृहस्पति देव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करता है, उसके जीवन की सभी समस्याओं का अंत होता है और उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। जिन जातकों के विवाह में देरी होती हैं, उन्हें भी देव गुरु बृहस्पति की पूजा करनी चाहिए। गुरुवार के दिन व्रत करने के साथ केले के पेड़ की पूजा करनी चाहिए।

इसके बाद 'बृहस्पति कवच और स्तोत्र' का पाठ करना चाहिए। आखिरी में आरती करें और पूजा में हुई भूलचूक के लिए क्षमा मांगे। गरीबों व जरूरतमंदों को भोजन कराएं और यथासंभव दान करें। ऐसा करने से कुंडली में बृहस्पति की स्थिति शुभ और मजबूत होती है। साथ ही व्यक्ति को भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



## बृहस्पति कवच

अभीष्टफलदं देवं सर्वज्ञम् सुर पूजितम् ।
अक्षमालाधरं शांतं प्रणमामि बृहस्पतिम् ॥
बृहस्पतिः शिरः पातु ललाटं पातु मे गुरुः ।
कर्णौ सुरगुरुः पातु नेत्रे मे अभीष्ठदायकः ॥
जिह्वां पातु सुराचार्यो नासां मे वेदपारगः ।
मुखं मे पातु सर्वज्ञो कंठं मे देवतागुरुः ॥
भुजावांगिरसः पातु करौ पातु शुभप्रदः ।
स्तनौ मे पातु वागीशः कुक्षिं मे शुभलक्षणः ॥
नाभिं केवगुरुः पातु मध्यं पातु सुखप्रदः ।
कटिं पातु जगवंद्य ऊरू मे पातु वाक्पतिः ॥
जानुजंघे सुराचार्यो पादौ विश्वात्मकस्तथा ।
अन्यानि यानि चांगानि रक्षेन्मे सर्वतो गुरुः ॥
इत्येतत्कवचं दिव्यं त्रिसंध्यं यः पठेन्नरः ।
सर्वान्कामानवाप्नोति सर्वत्र विजयी भवेत् ॥



## ॥ गुरु स्तोत्र ॥

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुस्साक्षात्परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः ॥
अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः॥
अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरं।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः ॥
अनेकजन्मसंप्राप्तकर्मबन्धविदाहिने ।
आत्मज्ञानप्रदानेन तस्मै श्री गुरवे नमः ॥
मन्नाथः श्रीजगन्नाथो मद्गुरुः श्रीजगद्गुरुः।
ममात्मासर्वभूतात्मा तस्मै श्री गुरवे नमः ॥
बर्ह्मानन्दं परमसुखदं केवलं ज्ञानमूर्तिम्।
द्वन्द्वातीतं गगनसदृशं तत्त्वमस्यादिलक्ष्यम्॥
एकं नित्यं विमलमचलं सर्वधीसाक्षिभूतं।
भावातीतं त्रिगुणरहितं सद्गुरुं तं नमामि ॥

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा।

**वृष** मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मिथुन** लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी।

**कर्क** मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है।

**सिंह** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी।

**कन्या** शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी।

**तुला** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। व्यापार ठीक चलेगा।

**वृश्चिक** तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ** व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन** रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

# माता लक्ष्मी को लगाएं ये 12 भोग तो होगी धन वर्षा

शुक्रवार के दिन माता लक्ष्मी को यदि ये भोग लगाएंगे तो उनकी कृपा सदा आप पर बनी रहेगी। लेकिन ध्यान रहे कि माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना सदा भगवान विष्णुजी के साथ ही करना चाहिए। लक्ष्मीजी को धन की देवी माना गया है। कहते हैं कि अर्थ बिना सब व्यर्थ है। लक्ष्मीजी को प्रसन्न करने के लिए उनके प्रिय भोग को लक्ष्मी मंदिर में जाकर अर्पित करना चाहिए।



### लक्ष्मी भोग

1. **केसर भात :** पीले रंग के केसर भात भी माता को अर्पित करके उन्हें प्रसन्न किया जाता है।
2. **पीले रंग के मिष्ठान :** माता लक्ष्मी को पीले और सफेद रंग के मिष्ठान अर्पित किए जाते हैं।
3. **खीर :** माता लक्ष्मी को चावल की खीर में किशमिश, चारोली, मखाने और काजू मिलाकर अर्पित करें।
4. **हलुआ :** शुद्ध घी का हलुआ माता को प्रिय है।
5. **ईख (गन्ना) :** दीपावली के दिन गन्ना को इसलिए अर्पित किया जाता क्योंकि उनके सफेद हाथी को यह प्रिय है।
6. **सिघाड़ा :** सिंघाड़ा माता लक्ष्मी को बहुत ही पसंद है। इसकी उत्पत्ति भी जल से होती है।
7. **मखाना :** जिस तरह माता लक्ष्मी की उत्पत्ति समुद्र से हुई उसी तरह मखाने की उत्पत्ति भी जल से हुई है। मखाना कमल के पौधे से मिलता है।
8. **बताशे :** पताशा या बताश भी माता लक्ष्मी को बहुत प्रिय है। रात्रि की पूजा में इसे अर्पित किया जाता है।
9. **नारियल :** नारियल को श्रीफल भी कहते हैं। इसमें सबसे शुद्ध जल भरा रहता है। श्रीफल होने के कारण माता को यह बहुत पसंद है।
10. **पान :** माता लक्ष्मी की पूजा में मीठा पान का बहुत महत्व है। यह प्रसन्नता और समृद्धि का प्रतीक है।
11. **अनार :** मां लक्ष्मी को फलों में अनार बेहद प्रिय है। दीपावली की पूजन के दौरान अनार जरूर अर्पित करें।
12. **गुजिया :** होली के अवसर पर यह बनाई जाती है। जो कोई भी व्यक्ति एक लाल फूल अर्पित कर लक्ष्मीजी के मंदिर में उन्हें यह भोग लगाता है तो उसके घर में हर तरह की शांति और समृद्धि रहती है। किसी भी प्रकार से धन की कमी नहीं होगी।



प्रियंका जैन
9769994439

**खबर संक्षेप**

## बारिश से घरों में घुसा नालों का पानी

**झूंसी।** रविवार सुबह हुई झमाझम बारिश से झूंसी की सड़कें भी लबालब हो गईं। जलभराव से दर्जनों घरों में नालों का दूषित पानी भर गया। तेज हवा के कारण कई पेड़ जड़ से उखड़ कर बिजली के तार व सड़क पर गिर गए जिसकी वजह से आवागमन और बिजली दोनों बाधित रही। रविवार सुबह हुई बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत मिली लेकिन जलभराव ने परेशानी खड़ी कर दी। सड़कों के साथ साथ लोगों के घरों में नाले का पानी भर गया। आवास विकास कॉलोनी योजना 2 व 3 में नाला ओवरफ्लो होने की वजह से पानी घरों में भर गया।

योजना 2 में बड़ा नीम का पेड़ उखड़ कर पार्क में गिर गया। जीटी रोड किनारे कई पेड़ टूट कर बिजली के तार पर गिर गए जिसकी वजह से आपूर्ति बाधित हो गई। सब से अधिक परेशानी छतनाग रोड व पुरानी झूंसी से नई झूंसी जाने वाले मार्ग पर रही। दोनों सड़कों पर नाला निर्माण व सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है जिसकी वजह से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं।

## दो साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म

**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर शहर के देवनगर थाना क्षेत्र में दो साल की बच्ची के साथ रेप किया है। आरोपी बलात्कार के बाद बच्ची को खेमे का कुआं के निकट स्थित लहूलुहान हालत में फेंक गया। घटना की जानकारी मिलते ही शास्त्री नगर और देवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एडीसीपी लाभूराम, एसीपी अनिल कुमार भी पहुंचे। एसीपी अनिल कुमार ने बताया कि बालिका को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा है। आरोपी की तलाश के लिए टीमें लगाई गई है। एसीपी अनिल कुमार ने बताया कि मध्य प्रदेश का रहने वाला परिवार भीख मांगकर गुजारा करता है। परिवार शनिवार रात को मंदिर के बाहर बैठा था। रात को माता पिता वहां से चले गए, जबकि बच्ची वहां बैठी रही। संभवतः इसी दौरान आरोपी उसे चॉकलेट देने के बहाने लेकर ले गया।

रविवार सुबह करीब छह बजे पास में सब्जी बेचने वाली महिला ने मंदिर के पास बच्ची की बेसुध देखा। वह लहूलुहान हालत में थी. वह उसके पिता को जानती थी। इसलिए फोन किया तो पिता ने कहा कि रात से गायब थी। इसके तुरंत बाद पुलिस को सूचित किया गया। बाद में एफएसएल की टीम ने भी साक्ष्य जुटाए पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस को सीसीटीवी से कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। आरोपी की शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# UP के बुलंदशहर में बस और पिकअप में टक्कर; 10 लोगों की मौत, 37 घायल

**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तरप्रदेश के बुलंदशहर जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र से एक बड़ी ख़बर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि एक पिकअप गाड़ी और बस में जोरदार टक्कर के कारण 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं 37 लोग घायल हो गए हैं।

टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने आनन-फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



### दोनों गाड़ियां चकनाचूर

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें दोनों ही गाड़ियां बुरी तरह से छतिग्रस्त नजर आ रही है। वहीं इस वीडियो में आसपास के लोगों की भीड़ भी नजर आ रही है। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को कब्जे में ले लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अधिकारी ने दी जानकारी

बुलंदशहर के डीएम सीपी सिंह ने बताया कि हादसे में कुल 10 लोगों ने अपनी जान गवा दी है। वहीं 37 लोग घायल है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने चक्का जाम कर दिया, जिसके बाद उन्हें किसी भी तरीके से शांत करा कर जाम खुलवाया गया है।

जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार को पिकअप वैन और निजी बस के बीच आमने–सामने की टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि पिकअप वैन गाजियाबाद से संभल की तरफ जा रही थी तभी सलेमपुर थाना के करीब यह दुर्घटना हुई। घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है।

सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया और उन्हें और अन्य अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



# बांके बिहारी मंदिर में भारी भीड़

## दम घुटने से हरियाणा के एक श्रद्धालु की मौत

**वृंदावन।** रक्षाबंधन से एक दिन पहले वृंदावन स्थित ठाकुर बाँकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर में भीड़ के दबाव के चलते लोगों का दम घुटने लगा। एक श्रद्धालु मंदिर में भी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। वह सांस नहीं ले पा रहा था। श्रद्धालु को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

सोमवार को रक्षाबंधन का पर्व है। इससे एक दिन पहले ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के दर्शन के लिए सैकड़ों की संख्या में मंदिर में श्रद्धालु पहुंचे थे। मंदिर में हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित गांव शाहबाद निवासी 68 वर्षीय मानचंद पुत्र गोंदीराम भी परिचितों के साथ ठाकुर बाँकेबिहारी महाराज के दर्शन करने आए थे। मंदिर के अंदर भीड़ अधिक होने के कारण उनको सांस लेने में तकलीफ शुरू हो गई। अचानक से वह जमीन पर बेहोश होकर गिर गए। सुरक्षाकर्मी उन्हें मंदिर पर मौजूद डॉक्टरों के पास लेकर गए, जहां से सौ शैय्या अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। मानचंद के साथ आए पवन कुमार शर्मा और पुलिसकर्मी मंदिर पर उपस्थित एम्बुलेंस के जरिये करीब 10:30 बजे अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

भाजपा पर अखिलेश ने कसा तंज

# दर्द देने वाले, दवा देने का दावा न करें!

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर तंज कसते हुए सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से कहा कि वह शिक्षा और युवाओं को आपसी लड़ाई और नकारात्मक राजनीति से दूर रखे।



सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''दर्द देने वाले, दवा देने का दावा न करें!'' इसी पोस्ट में यादव ने कहा, ''69,000 शिक्षक भर्ती मामले में उत्तर प्रदेश के एक 'कृपा-प्राप्त उप मुख्यमंत्री जी' (केशव प्रसाद मौर्य) का बयान भी साज़िशाना है। पहले तो आरक्षण की हकमारी में ख़ुद भी सरकार के साथ संलिप्त रहे और जब युवाओं ने उन्हीं के खिलाफ लड़कर लंबे संघर्ष के बाद इंसाफ पाया, तो अपने को हमदर्द साबित करने के लिए आगे आकर खड़े हो गए।''

मौर्य ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, ''शिक्षकों की भर्ती में इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला सामाजिक न्याय की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है। यह उन पिछड़े और दलित वर्ग के लोगों की जीत है, जिन्होंने अपने अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। मैं उनका तहे दिल से स्वागत करता हूं।''

यादव ने आरोप लगाते हुए कहा, ''दरअसल ये 'कृपा-प्राप्त उप मुख्यमंत्री जी' शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के साथ नहीं हैं, वे तो ऐसा करके भाजपा के अंदर अपनी राजनीतिक गोटी खेल रहे हैं।''

यादव ने साथ ही कहा, ''वे इस मामले में अप्रत्यक्ष रूप से जिनके ऊपर उंगली उठा रहे हैं, वे 'माननीय' भी अंदरूनी राजनीति के इस खेल को समझ रहे हैं। शिक्षा और युवाओं को भाजपा अपनी आपसी लड़ाई और नकारात्मक राजनीति से दूर ही रखे क्योंकि भाजपा की ऐसी ही सत्ता लोलुप सियासत के कारण उत्तर प्रदेश कई साल पीछे चला गया है।''

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा (एटीआरई) के तहत राज्य में 69 हजार शिक्षकों की नियुक्ति के लिए जून 2020 में जारी चयन सूची व 6,800 अभ्यर्थियों की पांच जनवरी 2022 की चयन सूची को दरकिनार कर नए सिरे से चयन सूची बनाने के आदेश दिए हैं। न्यायमूर्ति ए आर मसूदी और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने महेंद्रपाल व अन्य द्वारा एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल की गईं 90 विशेष अपील को एक साथ निस्तारित करते हुए संबंधित फैसला सुनाया।

# बसपा ने विधानसभा उपचुनाव के लिए घोषित किए छह उम्मीदवार

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी है। बसपा सुप्रीमो के निर्देश पर रविवार को मिल्कीपुर से रामगोपाल कोरी और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से शाह नजर को विधानसभा प्रभारी घोषित किया गया। बसपा पहले प्रभारी घोषित करती है और बाद में उन्हें उम्मीदवार बना दिया जाता है। बसपा अब तक कुल छह उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। लोकसभा चुनाव के बाद रिक्त



हुई उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर, कुंदरकी, करहल, मिल्कीपुरी, कटेहरी और सीसामऊ पर उपचुनाव होना है। बसपा ने विधानसभा उपचुनाव इस बार मजबूती से लड़ने का फैसला किया है। इसके लिए बसपा के जोनल प्रभारियों से उम्मीदवारों का पैनल मांगा गया था। उनके द्वारा दिए गए पैनल के आधार पर उम्मीदवार घोषित किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में दुनिया के तमाम देशों ने भारत में मोदी सरकार बनने से रोकने के लिए पूरी साजिश रची थी मगर देश की जनता ने मोदी के कार्यो एवं नीतियों पर मुहर लगायी।

# मोदी को रोकने के लिए लोस चुनाव में दुनिया के कई देशों ने रची साजिश: केशव मौर्य

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में दुनिया के तमाम देशों ने भारत में मोदी सरकार बनने से रोकने के लिए पूरी साजिश रची थी मगर देश की जनता ने मोदी के कार्यो एवं नीतियों पर मुहर लगायी और तीसरी बार भाजपा सरकार बनी। जो देश रक्षा के क्षेत्र में विदेशियों पर आश्रित था आज मोदी के नेतृत्व में हजारों करोड़ का निर्यात करने लगा है । यह तमाम देशों को खल रहा है। लिहाजा भारत विरोध में है। केशव ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में वे कार्य हुए हैं जो विपक्ष की सरकार के रहते एक सपना था। धारा 370, राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कोरिडोर इसके उदाहरण हैं। उन्होंने



कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

केशव ने कहा कि यूपी में दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा शत प्रतिशत जीत हासिल करेगी। मिर्जापुर के मझवा विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुये केशव ने कहा कि विपक्षी दलों ने संविधान और आरक्षण समाप्त करने का झूठ फैला कर उत्तर प्रदेश में कुछ सीटें भाजपा से ज्यादा जीती हैं मगर झूठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। देश में किसी की हैसियत नहीं है। भारत के संविधान को समाप्त कर सके,न ही आरक्षण समाप्त होगा। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार के लोक उपयोगी उपलब्धियों को विस्तार से रखा। प्रदेश सरकार के कार्यो की चर्चा करते हुए कहा कि यह सरकार सुरक्षा सड़क, स्वास्थ्य, 16 करोड़ लोगों को राशन, हर घर नल के साथ विकास के लिए जानी जाती हैं। आवास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों को अपना आवास मिला है।

## व्यापार जगत

# निवेशकों के लिए गुड न्यूज : इस हफ्ते ओपन हो रहा है 7 कंपनियों का आईपीओ

**नई दिल्ली।** आईपीओ के जरिए शेयर बाजारों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। इस हफ्ते कई कंपनियों के आईपीओ खुलने जा रहे हैं। आइए एक-एक करके इनके विषय में जानते हैं।

**Interarch Building Products IPO**

मेनबोर्ड का यह आईपीओ 19 अगस्त यानी सोमवार को खुलेगा। कंपनी के आईपीओ पर निवेशक 21 अगस्त तक दांव लगा पाएंगे। आईपीओ का साइज 600.29 करोड़ रुपये का है। कंपनी 0.22 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी। आईपीओ का प्राइस बैंड 850 रुपये से 900 रुपये प्रति शेयर है। बता दें, इसका जीएमपी 325 रुपये का है।

**Forcas Studio NSE SME**

इस आईपीओ का साइज 37.44 करोड़ रुपये का है। कंपनी 46.8 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। आईपीओ निवेशकों के लिए 19 अगस्त से 21 अगस्त तक खुला रहेगा। प्राइस बैंड 77 रुपये से 80 रुपये प्रति शेयर है। बता




दें, आईपीओ का जीएमपी 80 रुपये का है।

**Brace Port Logistics NSE SME**

यह आईपीओ 19 अगस्त से 21 अगस्त तक खुला रहेगा। कंपनी आईपीओ के जरिए 24.41 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास करेगी। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 76 रुपये से 80 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इसका जीएमपी 90 रुपये प्रति शेयर है।

**Orient Technologies IPO**

आईपीओ का साइज 214 करोड़ रुपये का है। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 195 रुपये से 206 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। 21 अगस्त को यह आईपीओ निवेशकों के लिए खुल जाएगा। वहीं, 23 अगस्त तक आईपीओ पर दांव लगाने का मौका निवेशकों के पास रहेगा।

**Ideal Technoplast Industries NSE SME**

आईपीओ 21 अगस्त से 23 अगस्त तक खुला रहेगा। कंपनी का प्राइस बैंड 121 रुपये का है। कंपनी ने 1000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। बता दें, आईपीओ का साइज 16.03 करोड़ रुपये का है।

**QVC Exports NSE SME**

यह आईपीओ 21 अगस्त से 23 अगस्त तक खुला रहेगा। कंपनी के आईपीओ का साइज 24.07 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए 20.50 लाख शेयर जारी करेगी। बता दें, आईपीओ का प्राइस बैंड 86 रुपये का है। वहीं, जीएमपी 20 रुपये प्रति शेयर है।

**Resourceful Automobile IPO**

इस आईपीओ का साइज 11.99 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए 10.25 लाख शेयर जारी करेगी। आईपीओ का प्राइस बैंड 117 रुपये प्रति शेयर का है। बता दें, आईपीओ 22 अगस्त से 24 अगस्त तक खुला रहेगा। इस आईपीओ का जीएमपी 20 रुपये प्रति शेयर का है।

# डिफेंस कंपनी ने किया डिविडेंड देने का ऐलान; रिकॉर्ड डेट नजदीक, शेयरों में तेजी

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की तरफ से निवेशकों को डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी इसी हफ्ते शेयर बाजारों में एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेगी। बता दें, यह डिफेंस स्टॉक इस साल दूसरी बार डिविडेंड देने जा रहा है। डीटेल्स में जान लेते हैं-हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 13 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी ने इस डिविडेंड के लिए 21 अगस्त की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी इस दिन कंपनी अपना रिकॉर्ड खंगालेगी। बीएसई पर उपलब्ध डाटा के अनुसार कंपनी इस साल दूसरी बार डिविडेंड देने जा रही है। इससे पहले कंपनी फरवरी के महीने में एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एक शेयर पर 20




रुपये का डिविडेंड दिया था। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों का बंटवारा हो चुका है। कंपनी के शेयर 2 टुकड़ों में पिछले साल बांट दिए गए थे। जिसके बाद शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटकर 5 रुपये प्रति शेयर हो गई थी।

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर बीएसई में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 4769.20 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। पिछले एक साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 146 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। पिछले 6 महीने मे इस डिफेंस सेक्टर की कंपनी ने 58 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

# दो महीने में दूसरी बार बोनस शेयर दे रही है कंपनी, 1 शेयर पर एक फ्री

**नई दिल्ली।** बोनस शेयर बांटने वाली कंपनियों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। इस हफ्ते शेयर बाजार में पीवीपी इंफ्रा लिमिटेड (PVV Infra Ltd) एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड करने वाला है। कंपनी ने एक शेयर पर एक शेयर बोनस देने का ऐलान किया है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयरों मे अपर सर्किट लगा था। इसके बाद भी शेयरों का भाव 20



रुपये से कम का ही है।

कंपनी ने शेयर बाजारों को 8 जुलाई क दी जानकारी में कहा था कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर एक शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा।

इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 20 अगस्त 2024 की तारीख को एक्स-बोनस डेट तय किया है। यानी जिन निवेशकों का नाम कंपनी के रिकॉर्ड डेट बुक में रहेगा उन्हें ही बोनस शेयर का लाभ मिलेगा।

# शेयर बाजार की बदलेगी की तकदीर या निवेशक; होंगे निराश!

**एजेंसी । नई दिल्ली**

शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कंपनियों के वित्तीय परिणाम आ चुके हैं, ऐसे में इन दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह बात विशेषज्ञों ने कही है। इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे पर निवेशकों की नजर होगी।

हस्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''चूंकि कंपनियों के वित्तीय परिणाम आ चुके हैं, ऐसे में इस सप्ताह, वृहद आर्थिक मोर्चों पर ऐसी कोई महत्वपूर्ण गतिविधियां नहीं हैं, जिससे निवेशक संकेत लें। हालांकि, वैश्विक स्तर पर आर्थिक आंकड़े महत्वपूर्ण होंगे। इसमें जापान में मुद्रास्फीति आंकड़े और अमेरिकी एफओएमसी बैठक का ब्योरा महत्वपूर्ण हैं, जिसपर निवेशकों की नजरें होंगी। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता की स्थिति बाजार के लिए जोखिम बनी हुई है।''

उन्होंने कहा कि कारोबारियों की विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह और कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव पर भी निगाह होगी। अमेरिका में मंदी की आशंका कम होने से शुक्रवार को वैश्विक बाजार में तेजी आई।



मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि अमेरिका में मुद्रास्फीति में नरमी और खुदरा बिक्री के मजबूत आंकड़े जैसे सकारात्मक आंकड़ों ने मंदी की आशंकाओं को दूर किया है। इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अगले महीने की शुरुआत में नीतिगत दर में कटौती की संभावना से भारत सहित वैश्विक शेयर बाजारों में एक बड़ी तेजी आई।

बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 1,330.96 अंक यानी 1.68 प्रतिशत उछलकर 80,436.84 पर बंद हुआ। यह दो महीने से अधिक समय में एक दिन की सबसे अच्छी बढ़त है। एनएसई निफ्टी भी 397.40 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 24,541.15 पर बंद हुआ।

दो बजे दोपहर
सोमवार, 19 अगस्त 2024



# विनेश का सपना

# बलाली के पहलवान रिकॉर्ड तोड़ें बड़ी उपलब्धियां हासिल करें

**एजेंसी | बलाली (हरियाणा)**

पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटने पर हुए भव्य स्वागत से अभिभूत विनेश फोगाट ने कहा कि अगर वह अपने गांव बलाली से महिला पहलवानों को प्रशिक्षित करके उन्हें खुद से अधिक सफल बना सके तो यह उनके लिए गर्व की बात होगी। ओलंपिक में 50 किग्रा फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित की गईं विनेश का शनिवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विनेश ने अपनी अयोग्यता के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी लेकिन उसके तदर्थ प्रभाग ने उसे खारिज कर दिया था। दिल्ली से अपने पैतृक गांव बलाली तक के रास्ते में विनेश को उनके समर्थकों और खाप पंचायतों ने सम्मानित किया। उन्हें 135 किलोमीटर की दूरी पूरी करने में लगभग 13 घंटे का समय लगा। वह मध्य रात्रि के समय अपने गांव पहुंची। गांव वालों ने उनका पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया। पेरिस से यहां तक के लंबे सफर के कारण विनेश काफी थक गई थी लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपने प्रशंसकों को संबोधित किया। विश्व चैंपियनशिप में दो बार की पदक विजेता विनेश ने उम्मीद जताई कि गांव का कोई खिलाड़ी उनकी विरासत को आगे बढ़ाएगा और उनसे अधिक सफलता हासिल करेगा। उन्होंने कहा,'मैं तहेदिल से चाहती हूं कि गांव का कोई व्यक्ति मेरी विरासत को आगे ले जाए और मेरे रिकॉर्ड तोड़ दे। अगर मैं अपने गांव की महिला पहलवानों को बढ़ावा दे सकती हूं, तो यह मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।' उन्होंने कहा कि उनका जिस तरह से शानदार स्वागत किया गया उससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। इस 29 वर्षीय पहलवान ने कहा,''मुझे अपने देशवासियों, मेरे गांव और परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिला उससे मुझे इस झटके से उबरने में मदद मिलेगी। मैं वापस कुश्ती में लौट सकती हूं।''

*विनेश ने कहा,'अगर इस गांव से कोई पहलवान नहीं निकलता है तो यह निराशाजनक होगा। मैं आप सभी से अनुरोध करती हूं कि गांव की महिलाओं का समर्थन करें। अगर उन्हें हमारी जगह लेनी है तो उन्हें आपके सहयोग और समर्थन की जरूरत पड़ेगी।' उन्होंने कहा,''मैंने कुश्ती में जो कुछ भी सीखा है, मुझे नहीं पता कि वह ईश्वर प्रदत्त है या मेरी कड़ी मेहनत है, लेकिन मेरे पास जो कुछ भी है मैं इस गांव की अपनी बहनों के साथ साझा करना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि वह मुझसे भी अधिक उपलब्धियां हासिल करें।' विनेश ने कहा,'तब मैं गर्व के साथ कह सकती हूं कि वह मेरे गांव की रहने वाली है और मैंने उसे प्रशिक्षण दिया है। मैं चाहती हूं कि मेरे गांव का कोई पहलवान मेरे रिकॉर्ड तोड़े। मेरे लिए इतनी रात तक जागने के लिए आप सभी का आभार।' विनेश ने अयोग्य ठहराए जाने के बाद कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते हैं और वह एशियाई खेलों की चैंपियन भी हैं। उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में आठ पदक जीते हैं। इससे पहले विनेश ने कहा कि भारतीय कुश्ती की बेहतरी के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी और उम्मीद जताई कि सच्चाई की जीत होगी। विनेश ने कहा, ''हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। लड़ाई जारी रहेगी और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सच्चाई की जीत होगी।' विनेश और उनके साथी ओलंपियन बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर डब्ल्यूएफआई और उसके पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक साल से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विनेश सहित छह पहलवान पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे।*




### 'ओलंपिक पदक से चूकना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा झटका'

विनेश ने यह भी कहा कि 'ओलंपिक पदक से चूकना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा झटका है। मैं नहीं जानती कि मुझे इससे उबरने में कितना समय लगेगा। मैं नहीं जानती कि मैं कुश्ती में वापसी करूंगी या नहीं लेकिन आज मुझे जो साहस मिला है उसका मैं सही दिशा में इस्तेमाल करना चाहती हूं।' विनेश ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह इस तरह के सम्मान की हकदार हैं या नहीं। उन्होंने कहा,'मैं भाग्यशाली हूं जो मेरा जन्म इस गांव में हुआ। मैं हमेशा महिलाओं और गांव के सम्मान के लिए लड़ती रहूंगी।' विनेश ने हालांकि सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट और अपने संबोधन में अपने ताऊ महावीर फोगाट का जिक्र नहीं किया, जिससे उनकी चचेरी बहनें गीता और बबीता नाराज हो गईं।

# प्रिया के पांच विकेट से भारत 'ए' ने अंतिम एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया 'ए' को हराया

**एजेंसी | मैकाय (ऑस्ट्रेलिया)**

युवा लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के पांच विकेट के अलावा तेजल हसबनिस और राघवी बिष्ट के अर्धशतक से भारत 'ए' ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 171 रन से रौंद दिया। ब्रिसबेन में तीन टी20 और यहां पहले दो एकदिवसीय मुकाबले गंवाकर लगातार पांच शिकस्त झेलने के बाद भारत 'ए' ने अंततः दौरे पर जीत का स्वाद चखा। तेजल की 66 गेंद में 50 और राघवी की 64 गेंद में 53 रन की पारी की बदौलत भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 243 रन बनाए। दिल्ली की 20 साल की प्रिया ने इसके बाद 14 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए ऑस्ट्रेलिया 'ए' को सिर्फ 72 रन पर ढेर करके मेहमान टीम को दौरे की पहली जीत दिलाई। कप्तानी मीनू मनि ने भी चार रन देकर दो विकेट हासिल किए।

दौरे का अपना पहला मैच खेल रही प्रिया ने सलामी बल्लेबाज मैडी डार्क



(22) और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज टीस फ्लिंटॉस (20) को पवेलियन भेजा जिससे मेजबान टीम ने 15वें ओवर में 52 रन तक चार विकेट गंवा दिए। प्रिया ने इसके बाद निकोल फैल्टम (02), केट पीटरसन (01) और निकोला हैनकॉक (00) को आउट करके मेजबान टीम को 22.1 ओवर में समेटने में अहम भूमिका निभाई। दोनों टीमों के बीच एकमात्र अनौपचारिक टेस्ट 22 अगस्त से गोल्ड कोस्ट में खेला जाएगा। इससे पहले भारत 'ए' की शुरुआत भी खराब रही। टीम न नौवें ओवर में 43 रन तक तीन विकेट गंवा दिए लेकिन तेजल और राघवी ने चौथे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला।

## मुंबई के मैदानों से

# कोठारी और सितवाला की चुनौती समाप्त

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



राष्ट्रीय चैंपियन सौरव कोठारी (स्नूकर) और ध्रुव सितवाला (बिलियड्र्स) खार जिमखाना पर खेले जा रहे सीआर रियल्टी-वेस्टर्न इंडिया बिलियड्र्स एंड स्नूकर चैंपियनशिप में क्वार्टरफाइनल से आगे नहीं बढ़ सके। रेलवे के कमल चावला ने सौरव कोठारी को आठ फ्रेमों तक चले मुकाबले में 71-38, 53-65, 96-0, 70-9, 29-79, 55-17, 26-96, 96-40 से पराजित किया और प्रतियोगिता में उनके आगे बढ़ने के रास्ते बंद कर दिए। दूसरी ओर बिलियड्र्स के क्वार्टरफाइनल में तमिलनाडु के एस श्रीकृष्णा ने 248 का जबरदस्त ब्रेक लगाया और 150 मिनट तक मैच में सितवाला को 694-610 अंकों से हराया और अंतिम चार में जगह बनाई। इसके अलावा सीनियर स्नूकर क्वार्टरफाइनल में एस. श्रीकृष्णा (बीपीसीएल) ने लक्ष्मण रावत (आयओसीएल) को 15-65, 40-59, 64-62, 78-22, 87(71)-29, 72-58, 19-68, 59- 22, 69-31, फैज़ल खान (आरएसपीबी) ने शोएब खान (दिल्ली) को 80-25, 60-6, 12-70, 37-81, 55-64, 67-27, 70 (65)-9, 79-31 से, पंकज अडवाणी (ओएनजीसी) ने अनुज उप्पल (दिल्ली) को 50-1, 78-18, 73(49)-24, 109(49)-5, 91(90)-15 से हराया और प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# आर एंड ए गर्ल्स एमेच्योर चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हारी मन्नत

**एजेंसी | एलवुडले (ब्रिटेन)**

आर एंड ए गर्ल्स एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मन्नत बरार को अंतिम चार के मुकाबले में पोलैंड की मैटिल्डा क्रॉजिनस्का के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारतीय गोल्फ यूनियन की मेरिट सूची में शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मन्नत इस टूर्नामेंट में अंतिम चार में जगह बनाने वाली देश की पहली गोल्फर हैं। टूर्नामेंट में 144 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच स्वीडन ने लड़के और लड़कियों दोनों के वर्ग का खिताब जीता। लड़कियों के फाइनल में हेवाना टोर्सटेनसन ने मैटिल्डा को हराया जबकि लड़कों के वर्ग में विगो ओल्सन मोर्क ने नीदरलैंड के स्कॉट वॉल्टरिंग को शिकस्त दी।



# टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर एमसीजी में इंग्लैंड की मेजबानी करेगा ऑस्ट्रेलिया



**एजेंसी | मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने के अवसर पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में एकमात्र टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। पहला टेस्ट मैच मार्च 1877 को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एमसीजी में खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 45 रन से जीता था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में टेस्ट क्रिकेट के 100 साल पूरे होने पर भी मैच खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने इसी अंतर से जीत हासिल की थी। इसके अलावा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने 2024-25 से 2030-31 तक के अगले सात सत्र के लिए पुरुष टीम के टेस्ट, वनडे, टी20 अंतरराष्ट्रीय और अन्य मैचों के लिए मेजबान स्थलों को भी अंतिम रूप दिया।

# लाहिड़ी 54 खिलाड़ियों में संयुक्त 49वें स्थान पर खिसके

**एजेंसी | व्हाइट सल्फर स्प्रिंग्स (अमेरिका)**

भारत के अनिर्बान लाहिड़ी यहां लिव गोल्फ ग्रीनबियर टूर्नामेंट में दूसरे दौर में शनिवार को एक ओवर 71 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 49वें स्थान पर खिसक गये। लाहिड़ी 54 खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर थे। ओल्ड व्हाइट कोर्स में आसान परिस्थितियों के बावजूद वह दूसरे दौर में एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कर बैठे। जॉन रहम दूसरे दौर में आठ अंडर 62 के स्कोर के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। उनका कुल स्कोर 14 अंडर का है और उनके पास दो शॉट की बढ़त है।

## रक्षा बंधन स्पेशल

# स्क्रीन से परे-बॉलीवुड की सबसे करीबी भाई-बहन की जोड़ी

*बॉलीवुड हमेशा से ही प्रतिष्ठित भाई-बहनों की जोड़ी के लिए एक मंच रहा है, क्योंकि सार्वजनिक रूप से और सोशल मीडिया पर उनकी नज़दीकियाँ साफ़ देखी जा सकती हैं। भाई-बहन के प्यार का सम्मान करने वाला त्योहार रक्षा बंधन इन सितारों को अपने रिश्तों के दिल को छू लेने वाले पलों को साझा करने का एक मंच प्रदान करता है। इस खास दिन को मनाते हुए, आइए बॉलीवुड की आठ भाई-बहनों की जोड़ी की दुनिया में उतरें, जो परिवार की स्थायी शक्ति का उदाहरण हैं।*





### सुहाना और आर्यन खान

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बच्चे सुहाना और आर्यन खान सबसे मशहूर भाई-बहनों की जोड़ी में से एक हैं। वे दोनों एक अटूट बंधन साझा करते हैं जो अपार प्रेम और समझ से भरा है। एक साथ खुशी के पल मनाने से लेकर चुनौतीपूर्ण समय के दौरान अटूट समर्थन प्रदान करने तक, उनका बंधन भाई-बहन के सच्चे सार का प्रतीक है।

### सारा और इब्राहिम अली खान

सारा अली खान और इब्राहिम अली खान बॉलीवुड में एक अनोखी भाई-बहन की जोड़ी हैं, जो अपनी संक्रामक ऊर्जा और साहसिक भावना के लिए जाने जाते हैं। उनके सोशल मीडिया फीड उनके करीबी रिश्ते का प्रमाण हैं, जो उनके रोमांचक कारनामों और साझा हंसी की झलकियों से भरे हुए हैं।





### राशा थडानी और रणबीर थडानी

राशा थडानी और उनके भाई, रणबीर, भाई-बहन के लक्ष्यों के प्रतीक हैं। युवा स्टार, अक्सर सोशल मीडिया पर रणबीर के साथ दिल को छू लेने वाले और चंचल पल साझा करते हैं, अपने मनमोहक बंधन से प्रशंसकों को आकर्षित करते हैं।

### शालिनी पांडे और पूजा पांडे

अर्जुन रेड्डी में अपनी शानदार भूमिका के लिए मशहूर शालिनी पांडे अपनी बहन पूजा पांडे के साथ एक मजबूत रिश्ता साझा करती हैं। उनके करीबी रिश्ते उनके सोशल मीडिया पोस्ट में स्पष्ट हैं, जहाँ वे अक्सर एक-दूसरे का जश्न मनाते हुए देख सकते हैं और अपनी बहन से प्यार का इजहार करते हैं।

### अर्जुन कपूर और जान्हवी कपूर

अर्जुन कपूर और जान्हवी कपूर चीजों को सरल रखना पसंद करते हैं, अपने काम को बोलने देते हैं। पिछले कुछ सालों में उनका निर्विवाद रूप से करीबी रिश्ता और गहरा होता गया है, जो आपसी समर्थन और स्नेह से भरा हुआ हैं।



### स्टेबिन बेन और स्टेबी बेन

सनसनीखेज गायक स्टेबिन बेन और उनकी बहन स्टेबी भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में एक प्यारी भाई-बहन की जोड़ी हैं। उनके दिल को छू लेने वाले बंधन ने उन्हें अनगिनत प्रशंसकों के लिए रोल मॉडल बना दिया है। हर रक्षाबंधन पर भाई-बहन की यह जोड़ी बेमिसाल उत्साह के साथ रक्षाबंधन मनाती है, जो हमें भाई-बहन के प्यार की गहराइयों को दर्शाती है।



### निकिता दत्ता और अंकिता दत्ता

निकिता और अंकिता दत्ता बॉलीवुड में एक और मजबूत बहनो की जोड़ी हैं। हालाँकि वे अक्सर एक साथ लाइमलाइट में नहीं देखी जाती हैं, लेकिन एक-दूसरे के लिए उनका आपसी सम्मान, प्यार और समर्थन निर्विवाद है।



### मनीष पॉल और ज्योति पॉल मोहन

मनीष पॉल और उनकी बहन ज्योति पॉल मोहन, बॉलीवुड भाई-बहनों के बीच साझा किए गए मजबूत बंधन का एक प्रमुख उदाहरण हैं। उनके करीबी रिश्ते, उनके सोशल मीडिया पोस्ट में स्पष्ट हैं, हर साल रक्षा बंधन के इस पर्व से वे और भी मजबूत होते हैं, जो उनके स्थायी बंधन का प्रमाण है।

# बॉक्स ऑफिस पर 'स्त्री2' का जलवा

## तीसरे दिन भी की दमदार कमाई

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री-2' ने धमाकेदार ओपनिंग के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन कई रिकॉर्ड तोड़े और अब तीसरे दिन भी इसने दमदार कमाई की है।

'स्त्री-2' के तीसने दिन यानी कि शनिवार के कलेक्शन की बात की जाए तो सैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने तीसरे दिन 44 करोड़ की कमाई की है, जिसके बाद इसका टोटल कलेक्शन 135.7 करोड़ गया है। 'स्त्री-2' ने गुरुवार को भारत में पहले दिन 60.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म ने पहले दिन जबरदस्त कमाई की और 2023 में 'एनिमल' और 'पठान' की पहले दिन की कमाई को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद अगले दिन फिल्म ने अच्छी कमाई की। फिल्म ने शुक्रवार को 30 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म की तीन दिन की कमाई 135.7 करोड़ रुपये है।



### 'स्त्री' के छह साल बाद आई 'स्त्री-2'

गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी के बाद शुक्रवार को कार्य दिवस था, इसलिए फिल्म को हिंदी भाषा में 45.31 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी मिली। फिल्म में श्रद्धा कपूर , राजकुमार राव , अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और पंकज त्रिपाठी मुख्य भूमिका में हैं। 'स्त्री' 2018 में रिलीज हुई थी, छह साल बाद 'स्त्री-2' रिलीज हुई और फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

### 'वेदा' और 'खेल-खेल में' की कमाई में बड़ी गिरावट


15 अगस्त को 'स्त्री-2' के साथ-साथ फिल्म 'खेल खेल में' और 'वेदा' रिलीज हुई थी, दोनों फिल्मों ने अपने ओपनिंग डे पर पांच करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। लेकिन दूसरे दिन दोनों की कमाई में बड़ी गिरावट देखने को मिली। अक्षय कुमार की 'खेल-खेल में' ने दूसरे दिन 1.9 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिससे इसका कुल कलेक्शन 6.95 करोड़ रुपये हो गया, जबकि जॉन अब्राहम की 'वेदा' ने दूसरे दिन केवल 1.6 करोड़ रुपये की कमाई की। इस फिल्म की कुल कमाई 7.9 करोड़ रुपये है। 15 अगस्त को 'वेदा' और 'खेल खेल में' के अलावा डबल स्मार्ट (तेलुगु), थंगालन (तमिल) और मिस्टर बच्चन (तेलुगु) जैसी क्षेत्रीय फिल्में रिलीज हुई हैं। श्रद्धा कपूर की स्त्री-2 ने इन सभी फिल्मों को पछाड़ दिया है।

# 'मैंने प्यार किया' फिर होगी रिलीज

*बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और भाग्यश्री की ब्लॉकबस्टर मूवी 'मैंने प्यार किया' ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। ये फिल्म 80 के दशक में बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। इस फिल्म में सलमान और भाग्यश्री की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। फिल्म की कहानी ही नहीं, बल्कि इसके गाने भी सुपरहिट रहे थे। इस मूवी ने दोनों स्टार्स को रातों-रात सुपरस्टार बना दिया था। सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी 'मैंने प्यार किया' को देखना आज भी लोग पसंद करते हैं।*

### प्रेम के किरदार से हिट हुए थे सलमान

सूरज बड़जात्या की फिल्म 'मैंने प्यार किया' 80 के दर्शक के सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म रही है। इस फिल्म में सलमान खान ने प्रेम नाम का किरदार निभाया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। वहीं, भाग्यश्री, सुमन के रोल में थी, जो एक सिंपल लड़की थीं। यह फिल्म सलमान के करियर को सक्सेस तक ले जाने की पहली सीढ़ी साबित हुई। ऐसे में अब मेकर्स ने फैंस के लिए एक खास एलान किया है। ये फिल्म रिलीज के 35 साल बाद फिर से रिलीज होने जा रही है।



राजश्री फिल्म्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'मैंने प्यार किया' के दोबार रिलीज करने की जानकारी शेयर की है। उन्होंने स्टार्स की तस्वीर शेयर करते हुए बताया है कि 'मैंने प्यार किया' मूवी को थिएटर्स में दोबारा रिलीज किया जाएगा। सलमान खान और भाग्यश्री की दोस्ती और प्यार से सजी ये फिल्म 23 अगस्त को री-रिलीज होगी।

न्यूज़ ब्रीफ

## चंपाई सोरेन ने X बायो से हटाया JMM का नाम

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने की अटकलों ने जेएमएम में हलचल पैदा कर दी है। चंपाई सोरेन इस वक्त दिल्ली में है। माना जा रहा है कि वह यहां बीजेपी नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि इस बारे में जब खुद उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, वह निजी काम से दिल्ली आए हैं। इस बीच एक और बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल चंपाई ने अपने एक्स बायो से जेएमएम का नाम हटा दिया है। अब उनके प्रोफाइल पर केवल झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री लिखा हुआ है। ऐसे में उनके बीजेपी में शामिल होने की अटकले जोर पकड़ती जा रही है। वहीं हेमंत सोरेन ने इशारों ही इशारों में चंपाई सोरेन पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, पैसों के दम पर घर और पार्टी में फूट डाली जा रही है। आजतक से खास बातचीत में हेमंत सोरेन ने कहा, समाज तो छोड़िए यह लोग घर फोड़ने और पार्टी तोड़ने का काम करते हैं। आए दिन कभी इस विधायक को खरीद लेते हैं कभी उस विधायक को खरीद लेते हैं। पैसा चीज ही ऐसा है कि नेता भी इधर उधर चले जाते हैं।

## बांके बिहारी मंदिर में भारी भीड़, दम घुटने से एक श्रद्धालु की मौत

**मथुरा।** रक्षाबंधन से एक दिन पहले वृंदावन स्थित ठाकुर बाँकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर में भीड़ के दबाव के चलते लोगों का दम घुटने लगा। एक श्रद्धालु मंदिर में भी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। वह सांस नहीं ले पा रहा था। श्रद्धालु को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सोमवार को रक्षाबंधन का पर्व है। इससे एक दिन पहले ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के दर्शन के लिए सैकड़ों की संख्या में मंदिर में श्रद्धालु पहुंचे थे। मंदिर में हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित गांव शाहबाद निवासी 68 वर्षीय मानचंद पुत्र गोंदीराम भी परिचितों के साथ ठाकुर बाँकेबिहारी महाराज के दर्शन करने आए थे। मंदिर के अंदर भीड़ अधिक होने के कारण उनको सांस लेने में तकलीफ शुरू हो गई। अचानक से वह जमीन पर बेहोश होकर गिर गए। सुरक्षाकर्मी उन्हें मंदिर पर मौजूद डॉक्टरों के पास लेकर गए, जहां से सौ शैय्या अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। मानचंद के साथ आए पवन कुमार शर्मा और पुलिसकर्मी मंदिर पर उपस्थित एम्बुलेंस के जरिये करीब 10:30 बजे अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, प्रथम दृष्टया दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हुई हो सकती है।

## झारखंड की ओर बढ़ रहा साइक्लोन, 2 दिन तक भारी बारिश का अलर्ट

**रांची।** झारखंड में 2 दिन तक भारी से बहुत भारी बारिश होगी। मौसम विभाग ने इसका अलर्ट भी जारी कर दिया है। ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने कहा है कि झारखंड के दक्षिण-पश्चिमी एवं उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि सोमवार और मंगलवार को झारखंड के कई जिलों में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र अभी दक्षिणी बांग्लादेश और उससे सटे इलाकों में स्थित है। उससे संबद्ध चक्रवात समुद्र के ऊपर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन 19 अगस्त को बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र में निम्न दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो जाएगा।

# फिर छलका पिता का दर्द, बोले-पहले ही जला दिया बेटी का शव

## कोलकाता दरिंदगी

**एजेंसी । कोलकाता**

पुलिस ने इस मामले में ममता सरकार के खिलाफ नाखुशी जताते हुए प्रशासन पर भी कई आरोप लगाए हैं। कोलकाता के इस मामले को अब सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान में लिया है। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ मंगलवार को करेगी। वहीं छात्रों द्वारा अभी भी विरोध-प्रदर्शन जारी है।




### ममता सरकार पर उठाया सवाल

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'जांच चल रही है, उसका कोई नतीजा नहीं निकला है। हमें उम्मीद है कि हमें नतीजा मिलेगा। विभाग या कॉलेज से किसी ने भी हमारा सहयोग नहीं किया। पूरा विभाग इसमें शामिल है। श्मशान घाट पर तीन शव थे, लेकिन हमारी बेटी का शव पहले जला दिया गया। सीएम न्याय दिलाने की बात कर रहे हैं, लेकिन फिर न्याय मांगने वाले आम लोगों को जेल में डालने की कोशिश की जा रही है। हम सीएम से संतुष्ट नहीं हैं। हमने कोई भी मुआवजा लेने से इनकार कर दिया है।' उन्होंने कहा कि प्रिंसिपल ने हमसे कोई बात नहीं हुई है। हमारे साइन की जरुरत पड़ी तो हमें बुलाया गया। डिपार्टमेंट से किसी ने हमारी मदद नहीं की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में डिपार्टमेंट की संलिप्तता है। जब बेटी के शव को जलाया जा रहा था, तब हम होश में नहीं थे। हमें कुछ भी समझ नहीं आ रहा था। उन्होंने कहा कि सीएम रास्त पर उतर कर जस्टिस की मांग करते हैं। वो किससे मांग कर रहे हैं कुछ भी समझ नहीं आ रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान में लिया मामला

बता दें कि इस पूरे मामले की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मामले को CBI में सौंपा है। जिसके बाद जांच एजेंसी द्वारा लगातार पूछताछ की जा रही है। इस मामले में प्रिंसिपल से कई घंटो तक पूछताछ की गई है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः इस मामले को संज्ञान में लिया है। जिसकी सुनवाई सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ मंगलवार को करेगी।

## सुखेंदु शेखर रे को मिला पुलिस का नोटिस

कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर संग दरिंदगी मामले पर आवाज उठाना TMC नेता को भाड़ी पड़ गया। ममता सरकार ने अपने ही नेता को फेक न्यूज फैलाने के आरोप में नोटिस भेजा है। राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर रे ने आरजी कर अस्पताल में हुए घटना को पर जांच करने की मांग की थी। जिसे पुलिस द्वारा गलत सूचना बताया गया है। पुलिस की ओर से आज शाम 4 बजे पुलिस मुख्यालय में पेश होने का आदेश दिया गया है। ट्रेनी डॉक्टर मामले को लेकर सुखेंदु ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था। जिसमें लिखा, 'CBI को निष्पक्ष रूप से काम करना चाहिए। पूर्व प्रिंसिपल और पुलिस कमिश्नर को हिरासत में लेकर पूछताछ करना जरूरी है, ताकि पता चल सके कि आत्महत्या की कहानी किसने और क्यों फैलाई? हॉल की दीवार क्यों गिराई गई? रॉय को इतना शक्तिशाली बनाने के लिए किसने संरक्षण दिया? 3 दिन बाद खोजी कुत्ते का इस्तेमाल क्यों किया गया? ऐसे सैकड़ों सवाल हैं, उन्हें बोलने दीजिए।'



## बीजेपी नेता लॉकेट चटर्जी की बढ़ीं मुश्किलें, पुलिस ने जारी किया नोटिस



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी अस्पताल में जूनियर महिला डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत की जांच सीबीआई के हाथों में है। वहीं दूसरी तरफ कोलकाता पुलिस ने भी इससे जुड़े दो अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज की है। जिसमें एक एफआईआर गलत जानकारी फैलाने के लिए तो दूसरा पीड़िता की आईडेंटिटी रिवील करने करे लिए दर्ज की गई है। साथ ही इन दोनों ही मामलों ने पुलिस ने बीजेपी नेता लॉकेट चटर्जी और दो डॉक्टर्स को पूछताछ के लिए नोटिस भी जारी किया है। कोलकाता पुलिस ने पीड़िता की पीएम रिपोर्ट के से जुड़ी कथित भ्रामक जानकारी फैलाने के आरोप में डॉ. सुवर्ण गोस्वामी के साथ डॉ. कुणाल सरकार को पूछताछ के लिए बुलाया है। हालांकि, सुवर्ण गोस्वामी का दावा है कि उन्हें अभी तक कोई नोटिस नहीं मिला है। अगर उन्हें नोटिस मिलता है तो वे जांच में शामिल होंगे। वहीं, डॉ. कुणाल सरकार ने माना है कि उन्हें आज सुबह कोलकाता पुलिस से नोटिस मिला है। वे कल पुलिस मुख्यालय में पेश होंगे, क्योंकि आज वे किसी काम से बाहर हैं।

### बीजेपी नेता को भी नोटिस

कोलकाता पुलिस ने बीजेपी की पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि उन्होंने पीड़िता की पहचान उजागर की और जांच के बारे में गलत जानकारी साझा की। उन्हें आज दोपहर 3 बजे तक पेश होने को कहा गया है। बता दें कि 8-9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के सेमिनार हॉल में एक महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी की गई थी। सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक ग्रेजुएट रेजिडेंट डॉक्टर के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया।

## के कविता की जमानत याचिका पर 'सुप्रीम' सुनवाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आगामी मंगलवार यानी 20 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन मामलों में भारत राष्ट्र समिति (BRS) की नेता के। कविता की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। कोर्ट ने बीते 12 अगस्त को कविता की जमानत याचिकाओं पर केंद्रीय



अन्वेषण ब्यूरो (CBI) और प्रवर्तन निदेशालय (ED) से जवाब मांगा था।

सुप्रीम कोर्ट ने उक्त मामलों में कविता को जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली हाई कोर्ट के बीते 1 जुलाई के फैसले के खिलाफ BRS नेता की याचिकाओं को सुनने पर सहमति जताई। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 20 अगस्त की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ उनकी याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

जानकारी दें कि कविता की ओर से बीते 12 अगस्त को पेश वकील ने पीठ से कहा था कि उनकी मुवक्किल करीब 5 महीने से हिरासत में हैं और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) तथा प्रवर्तन निदेशालय (ED) आरोप पत्र तथा अभियोजन शिकायत दाखिल कर चुके हैं। ईडी की अभियोजन शिकायत आरोप पत्र के समान होती है। कविता के वकील ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि कविता को जमानत का अधिकार है।

शीर्ष अदालत ने कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी थी। सिसोदिया को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन, दोनों मामलों में जमानत दी गई।

# देहरादून में दोहराया निर्भया कांड

### बस में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, तीन बस ड्राइवर समेत पांच गिरफ्तार

**एजेंसी । देहरादून**

कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि 13 अगस्त को घटी देहरादून ISBT में किशोरी के साथ गैंगरेप का मामला उठने लगा है। मिल रही जानकारी के मुताबिक बस के अंदर पांच लोगों ने मिलकर लड़की के साथ गैंगरेप किया है। जिसमें 3 बस ड्राइवर, एक कंडक्टर और एक कैशियर यानी की खलासी का नाम शामिल है। इस घटना में पुलिस ने एक्शन लेते हुए सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मिल रही जानकारी के मुताबिक 13 अगस्त की रात 2 बजे पंजाब की रहने वाली एक किशोरी मुरादाबाद रोडवेज बस से देहरादून ISBT पहुंची थी। इस दौरान बस खाली होने के बाद सभी आरोपियों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया था। इसके लड़की को बस से नीचे उतार कर चले गए थे।



### चाइल्ड हेल्पलाइन ने की मदद

चाइलड वेल्फेयर टीम को लड़की बदहवास हालत में बस स्टैंड पर मिली थी। जिसके बाद ISBT परिसर पर बने चाइल्ड हेल्पलाइन बूथ पर उसे ले जाया गया। किसोरी ने रोते-रोते पूरी कहानी बताई। उसने बताया कि उसके साथ पांच लोगों ने मिलकर गलत काम किया है। जिसके बाद उसके लिए काउंसिलिंग की व्यवस्था की गई। चार दिनों तक चले काउंसिलिंग के बाद किशोरी ने घटना के कहानी टीम को बताई।

### अधिकारी ने दी जानकारी

इस मामले को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। SSP संजय सिंह ने बताया कि 5 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरा खंगाला जा रहा है। किशोरी लगभग 16 साल की बताई जा रही है। काउंसलिंग में पता चला कि लड़की को 11 अगस्त को घर से निकाल दिया गया था। जिसके बाद वो बस से दिल्ली पहुंची। जिसके बाद दिल्ली से मुरादाबाद पहुंची और फिर 13 अगस्त की रात देहरादून पुहंची। जहां उसके साथ घटी इस घटना ने सबकुछ बदल कर रख दिया। इस मामले में एक ड्राइवर ने घटना कबूल की। जिसके बाद घटना में शामिल अन्य सभी 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि माता पिता को इस बात की जानकारी दी गई है। उन्हें यहां बुलाया गया है।

# कोविड-19 फिर से पसार रहा पैर

### कोरिया में दो हफ्ते में 1359 कोरोना के मामले दर्ज

**एजेंसी । कोरिया**

कोविड-19 फिर से पैर पसारना शुरू कर दिया है। इसका कोरिया गणराज्य में देखने को मिला। पिछले कुछ दिनों में तेजी से कोविड-19 से संक्रमित मामले सामने आ रहे हैं। कोरिया गणराज्य की रोग नियंत्रण एजेंसी ने रविवार को कहा कि गर्मी की छुट्टियों के मौसम में संक्रमण में वृद्धि के बाद अपशिष्ट जल में कोविड-19 वायरस का स्तर केवल एक सप्ताह में लगभग दोगुना हो गया है।



योनहाप समाचार एजेंसी द्वारा दिए गए एक बयान में, कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (KDCA) द्वारा संचालित कोरिया अपशिष्ट जल निगरानी कार्यक्रम ने कहा कि अगस्त के दूसरे सप्ताह के दौरान स्थानीय सीवेज उपचार संयंत्रों में वायरस की औसत सांद्रता 47,640 प्रति मिलीलीटर तक पहुंच गई। यह पिछले सप्ताह दर्ज की गई 24,602 प्रति मिलीलीटर की तुलना में तीव्र वृद्धि को दर्शाता है। यह डेटा देश भर में 84 अपशिष्ट जल संयंत्रों द्वारा उपचारित पानी में कोविड-19 वायरस के स्तर पर आधारित है। केडीसीए समुदायों के भीतर कोविड-19 रोगियों की संख्या का आकलन करने के लिए पिछले साल अप्रैल से इस पद्धति का उपयोग कर रहा है। केडीसीए के एक अधिकारी ने कहा, इस परियोजना का उद्देश्य अपशिष्ट जल में कोविड-19 वायरस के स्तर की प्रवृत्ति को ट्रैक करना है, जो हाल ही में बढ़ रहा है।इस बीच, अगस्त के दूसरे सप्ताह के दौरान कोरिया में नए अस्पताल में भर्ती कोविड-19 रोगियों की संख्या 1,359 तक पहुंच गई, जो एक सप्ताह पहले 878 से तेजी से बढ़ी।

# उदयपुर में मोबाइल-इंटरनेट सेवाएं बंद

### सहपाठी को चाकू घोंपने की घटना : अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

**एजेंसी । जयपुर**

राजस्थान के उदयपुर में एक सरकारी स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र द्वारा अपने सहपाठी को चाकू घोंपने की घटना के बाद भड़के सांप्रदायिक तनाव के बीच जिले के कई इलाकों में आज रविवार को भी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। इस बीच, हमले में घायल हुए छात्र के परिजन समेत बड़ी संख्या में लोग आज रविवार को यहां मुखर्जी नगर चौक पर एकत्र हुए और उन्होंने महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय तक रैली निकाली। उन्होंने उन्हें अस्पताल में घायल छात्र से मिलने नहीं दिए जाने का आरोप लगाया। उदयपुर पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने कहा, 'कुछ भ्रम था कि परिवार के सदस्य घायल छात्र से नहीं मिल सकते लेकिन उन्हें मिलने की अनुमति है। घायल छात्र की हालत स्थिर लेकिन गंभीर है। जल्द ही छात्र के स्वास्थ्य के संबंध में मेडिकल बुलेटिन भी जारी किया जाएगा।' उन्होंने बताया कि बाजार खुले हैं लेकिन कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए रविवार को भी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी। इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

इस बाबत पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी को शनिवार को अदालत में पेश किया गया था और उसे किशोर गृह भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के पिता को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा



रही है। छात्र द्वारा अपने सहपाठी को चाकू घोंपने की घटना के बाद भड़के सांप्रदायिक तनाव के बीच जिले के कई इलाकों में शुक्रवार रात से मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। उदयपुर के सभी सरकारी और निजी स्कूल में आगामी आदेश तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि हमले में घायल छात्र का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और आरोपी छात्र को हिरासत में ले लिया गया है। दोनों छात्र नाबालिग हैं।

पुलिस ने बताया कि जिला प्रशासन ने जेसीबी की मदद से आरोपी छात्र का घर ढहा दिया है। इस कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। उदयपुर के जिलाधिकारी अरविंद पोसवाल ने कहा, 'अपराध करने वाले व्यक्ति के मन में प्रशासन का डर जरूरी है। जांच में पाया गया कि आरोपी का घर वन भूमि पर बना था और नियमों के अनुसार नोटिस देने के बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।' भट्टियानी चोहट्टा में सरकारी स्कूल के बाहर चाकूबाजी की घटना के बाद भड़की सांप्रदायिक हिंसा के बीच शुक्रवार को भीड़ ने कारों में आगजनी की। पुलिस के अनुसार, घटना के विरोध में कुछ हिंदू संगठनों के सदस्य शहर के मधुबन इलाके में एकत्र हुए।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की नौकरियों पर नजर

### घर-मंदिरों पर हमलों के बाद अब जबरन मांगे जा रहे इस्तीफे

**एजेंसी । ढाका**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के वतन छोड़ने के बाद पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों विशेषतौर पर हिंदुओं के खिलाफ जमकर हिंसा हुई। इन हमलों में कई हिंदुओं की जान चली गई। हालांकि, नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार में पिछले हफ्ते हिंदुओं के घरों, पूजा स्थलों पर हमलों में काफी कमी आई है, लेकिन फिर भी छिटपुट हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस बीच, अब हिंदुओं की सरकारी नौकरियों पर हिंसा करने वालों की नजर पड़ गई है और लोगों से जबरन इस्तीफा लिया जा रहा है। इसकी वजह से हिंदू समुदाय चिंतित है। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक हैं और उनकी आबादी 8 फीसदी है। सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण संबंधित फैसले के बाद बांग्लादेश में हिंसा फैल गई थी और कम से कम 650 लोगों की जान चली गई थी। शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आना पड़ा था। सत्ता




के अभाव के बीच 5 अगस्त को बांग्लादेश के कई हिस्सों में हिंदुओं के घरों, पूजा स्थलों और व्यवसायों पर हमला किया गया। ढाका के धामराई, नटोरे, पटुआखली के कालापारा, शरीयतपुर और फरीदपुर में हिंदू मंदिरों पर हमला किया गया और तोड़फोड़ की गई, जबकि जेसोर, नोआखली, मेहरपुर, चांदपुर और खुलना में घरों पर हमला किया गया। दिनाजपुर में हिंदुओं के स्वामित्व वाली करीब 40 दुकानों में तोड़फोड़ की गई। नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने 8 अगस्त को सत्ता संभाली थी।

### पर्यावरण संरक्षण का देते हैं संदेश

# यहां पर पेड़ों को भाई मानकर राखी बांधती हैं महिलाएं

**एजेंसी । शाहजहांपुर**

रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है लेकिन ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में शाहजहांपुर में महिलाएं पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधों को अपना भाई मानकर उन्हें राखी बांधते हुए इस रिश्ते को एक नया आयाम दे रही हैं। वैसे तो रक्षाबंधन का पर्व सोमवार 19 अगस्त को है लेकिन शाहजहांपुर शहर की अनेक महिलाएं बृहस्पतिवार से ही वृक्षों के तने और टहनियों पर राखी बांध रही हैं। वे उन्हें तिलक लगाने के साथ-साथ मिष्ठान के तौर पर उनके पोषण के लिए प्राकृतिक खाद अर्पित करते हुए पेड़ों के दीर्घायु होने की कामना कर रही हैं।



### वृक्षारोपण का दे रहे हैं संदेश

यह प्रेरणादायक मुहिम चला रही महिलाओं में से ज्यादातर शहर के संभ्रांत लोगों के व्हाट्सऐप ग्रुप से जुड़ी हैं। 'वीआईपी' नामक ग्रुप में शामिल लोगों की एक समिति भी है। समिति की अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने रविवार को बताया कि क्योंकि रक्षाबंधन भाई बहन द्वारा एक दूसरे का ख्याल रखने की बेहद पवित्र भावना का प्रतीक है इसलिए उसे पेड़-पौधों के संरक्षण से जोड़ने का विचार बनाया गया ताकि पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए लोग और भी ज्यादा प्रेरित हों। उन्होंने कहा, 'हमने अपनी साथी महिलाओं से पेड़ों को राखी बंधवाने का निर्णय लिया। पिछले बृहस्पतिवार से हमारे ग्रुप की सदस्य पेड़ों को राखी बांध रही हैं और उनका तिलक करके मिष्ठान के तौर पर उनकी जड़ में प्राकृतिक खाद डालकर पानी दे रही हैं।'

**1000 पेड़ों को बांध चुकी हैं राखी :** गुप्ता ने कहा, 'जलवायु परिवर्तन के गहराते संकट को देखते हुए हमने सोचा कि पर्यावरण संरक्षण का सबसे अच्छा तरीका बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करना ही है इसके लिए मिशन मोड में काम किया गया और इस साल एक लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य है।' ग्रुप की सदस्य शमा जैदी ने कहा कि आज पेड़ों को संरक्षित रहने के लिए जो बीड़ा हमारे ग्रुप की सदस्यों ने उठाया है उसे सभी को अपनाना चाहिए ताकि हम पेड़ों को संरक्षित कर सकें। उन्होंने बताया कि व्हाट्सऐप ग्रुप से जुड़ी महिलाएं अब तक लगभग 1000 पेड़ों को राखी बांध चुकी हैं और सोमवार को रक्षाबंधन के दिन अपने घरों में पर्व मनाने के बाद ग्रुप की सदस्य पेड़ों की रक्षा करने वाले (केयरटेकर) को राखी बांधने के अलावा उन्हें उपहार में वस्त्र तथा मिठाई देंगी।

### इन क्षेत्रों में वृक्षारोपण

शर्मा ने बताया कि ग्रुप द्वारा शहर की विभिन्न कॉलोनियों के लगभग 25 पार्कों तथा शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों एवं कब्रिस्तान तथा श्मशान घाटों पर प्रमुख रूप से वृक्षारोपण किया जा चुका है।

## लड़कियों से 'यौन इच्छा' पर काबू पाने की सलाह पर सुप्रीम आदेश कल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय कलकत्ता उच्च न्यायालय के 2023 के उस फैसले के विरुद्ध दायर अर्जियों पर 20 अगस्त को अपना आदेश सुनाएगा, जिसमें एक यौन हमला मामले में एक आरोपी को बरी कर दिया गया था एवं किशोरियों को 'यौन इच्छा नियंत्रित करने' की सलाह वाली 'आपत्तिजनक' टिप्पणी की गई थी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल आठ दिसंबर को फैसले की आलोचना की थी और इसे उच्च न्यायालय की 'बिल्कुल आपत्तिजनक एवं पूर्णतः अवांछित' टिप्पणी करार दी थी।



### न्यायाधीशों से 'उपदेश' की उम्मीद नहीं

उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय की कुछ टिप्पणियों का स्वतः संज्ञान लिया था और उसपर रिट याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की थी। शीर्ष अदालत ने कहा था कि फैसला लिखते वक्त न्यायाधीशों से 'उपदेश' की उम्मीद नहीं की जाती है। ऐसी संभावना है कि न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइंया की पीठ उच्च न्यायालय के 18 अक्टूबर 2023 के फैसले के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की अपील तथा अपने स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर 20 अगस्त को अपना आदेश सुना सकती है।